राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 261
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 15 अगस्त 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 आईजीआरएस पोर्टल शिकायत निस्तारण : अपर जिलाधिकारी
पेज 4 झांसी रेंज के जनपदों को मिलेगें कई पदक
पेज 6 विराट ने अयास सत्र का वीडियो जारी किया, ऑस्ट्रेलिया

# राष्ट्रपति बोलीं- सेना ने सीमापार आतंकी ठिकाने तबाह किए

## ऑपरेशन सिंदूर ने पहलगाम हमले का जवाब दिया, कश्मीर में रेल पहुंचना माइलस्टोन

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित किया। 24 मिनट के संबोधन में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, कश्मीर रेल प्रोजेक्ट, विकास, लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर बात रखी।
उन्होंने कहा- इस साल हमें आतंकवाद का दर्द झेलना पड़ा। पहलगाम हमला कायराना और अमानवीय था। इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने सीमापार आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया। यह आत्मनिर्भर भारत मिशन की परीक्षा का भी अवसर था।
राष्ट्रपति ने आगे कहा- कश्मीर घाटी में रेल सर्विस शुरू होना बड़ी उपलब्धि है। इससे उस क्षेत्र में व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, 55 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ मिला है। साथ ही कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी, हमारे लिए संविधान सर्वोपरि है।
द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति हैं।



वे इस सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचने वाली देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। 64 साल की मुर्मू ने साल 2022 में देश में सबसे कम उम्र में राष्ट्रपति बनने का रिकॉर्ड भी बनाया।

### ऑपरेशन सिंदूर

पहलगाम हमला निर्दोष नागरिकों की हत्या, कायरतापूर्ण और नितांत अमानवीय थी। इसका जवाब भारत ने फौलादी संकल्प के साथ निर्णायक तरीके से दिया।
ऑपरेशन सिंदूर ने यह दिखा दिया कि जब राष्ट्र की सुरक्षा का प्रश्न सामने आता है तब हमारे सशस्त्र बल किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम सिद्ध होते हैं।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट का अगला चरण है जो हमारे जीवन में अपना स्थान बना चुका है। सरकार ने देश की एआई क्षमताओं को मजबूत करने के लिए इंडिया-एआई मिशन शुरू किया है। इस मिशन के तहत ऐसे मॉडल विकसित किए जाएंगे जो भारत की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करेंगे।

### भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा- आर्थिक क्षेत्र में हमारी उपलब्धियां साफ नजर आती हैं।
पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर के साथ भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है। महंगाई नियंत्रण में है।
निर्यात बढ़ रहे हैं। सभी प्रमुख संकेतक बताते हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है... अच्छे शासन के जरिए बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है... आय में असमानता कम हो रही है। क्षेत्रीय असमानताएं भी घट रही हैं।
जो राज्य और क्षेत्र पहले कमजोर आर्थिक प्रदर्शन के लिए जाने जाते थे, वे अब अपनी असली क्षमता दिखा रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### इराक से सुरक्षित भारत लौटे 10 युवक

**लुधियाना।** पंजाब सरकार की सक्रिय पहल और कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के विशेष प्रयासों से 6 भारतीय नागरिकों को इराक से सफलतापूर्वक स्वदेश वापस लाया गया है। इन नागरिकों ने आज इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, नई दिल्ली पर सकुशल आगमन किया। बता दें कि 6 दिन पहले भी पंजाब के 4 युवक इराक से वापस भारत आए थे। वापस लौटे 6 नागरिकों में से 4 पंजाब के विभिन्न जिलों- तरनतारन, लुधियाना और होशियारपुर से हैं, जबकि दो नागरिक हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के रहने वाले हैं। ये सभी लोग इराक में अत्यंत विषम परिस्थितियों में जीवन व्यतीत कर रहे थे, जिनकी वापसी के लिए राज्य और केंद्र सरकार ने मिलकर सार्थक प्रयास किए।

### शिमला में कांग्रेस का कैंडल-मार्च

**शिमला।** देश में वोटों को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच हिमाचल कांग्रेस ने आज (वीरवार को) शाम शिमला के रिज पर वोट चोर- गद्दी छोड़ नारे के साथ कैंडल मार्च निकाला गया। कांग्रेस नेताओं ने बारिश में छाता लेकर शेरे-ए-पंजाब से रिज तक मार्च किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा, भाजपा ने देश के लोकतंत्र को कमजोर कर निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। भाजपा ने कर्नाटक व महाराष्ट्र में वोट चोरी कर जनमत का अपमान किया है।

# किश्तवाड़ में बादल फटा, अब तक 52 लोगों की मौत

## चशोटी गांव में मचैल माता की धार्मिक यात्रा के लिए पहुंचे कई लोग बहे

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चशोटी गांव में गुरुवार दोपहर 12: 30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में अब तक 52 लोगों की मौत हो गई है। अब तक 167 लोगों को बचाया गया है। करीब 100 से ज्यादा लोग लापता हैं।
हादसा उस समय हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचैल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ में पड्डुर सब-डिवीजन में चशोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सभी बाढ़ के पानी में बह गए।
चशोटी किश्तवाड़ शहर से लगभग 90 किलोमीटर और मचैल माता मंदिर के रास्ते पर पहला गांव है। यह जगह पड्डुर घाटी में है, जो 14-15 किलोमीटर अंदर की ओर है। इस इलाके के पहाड़ 1,818 मीटर से लेकर 3,888 मीटर तक ऊंचे हैं।
इतनी ऊंचाई पर ग्लेशियर (बर्फ की चादर) और ढलानें हैं, जो पानी के बहाव को तेज करती हैं।
मचैल माता तीर्थयात्रा हर साल अगस्त में होती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह 25 जुलाई से 5 सितंबर तक चलेगी। यह रूट जम्मू से किश्तवाड़ तक 210 किमी लंबा है और इसमें पद्दर से चशोटी तक 19.5 किमी की सड़क पर गाड़ियां जा सकती हैं। उसके बाद 8.5 किमी की पैदल यात्रा होती है।



### किश्तवाड़ में राहत और बचाव कार्य में सेना भी शामिल

सेना के जम्मू स्थित जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने गुरुवार को बताया कि चिसोटी गांव में बादल फटने से प्रभावित क्षेत्र में सेना राहत और बचाव में जुटी है। प्रभावित लोगों को राहत सामग्री, चिकित्सा दल और बचाव उपकरण उपलब्ध कराए गए।

## जलभराव



नई दिल्ली में भारी बारिश के बीच भारी जलभराव।

# 'वोट चोरी' पर चुनाव आयोग बोला-ऐसे गंदे शब्दों से बचें

## यह करोड़ों वोटर्स पर हमला; राहुल ने कहा था- आयोग वोट चोरी करा रहा



नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्ष के वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और वोट चोरी के आरोपों का जवाब दिया। चुनाव आयोग ने कहा, 'वोट चोरी' जैसे गंदे शब्दों का इस्तेमाल कर झूठी कहानी गढ़ने की कोशिश करना करोड़ों भारतीय मतदाताओं पर सीधा हमला है। आयोग ने कहा, ऐसे आरोप लाखों चुनावकर्मियों की ईमानदारी पर भी चोट है। 'एक व्यक्ति, एक वोट' का कानून भारत के पहले आम चुनाव 1951-1952 से ही लागू है। यदि किसी के पास इस बात का प्रमाण है कि किसी व्यक्ति ने किसी चुनाव में वास्तव में दो बार मतदान किया है, तो उसे बिना किसी सबूत के देश के सभी मतदाताओं को 'चोर' कहने के बजाय, एक शपथ-पत्र के साथ निर्वाचन आयोग को यह प्रमाण सौंपना चाहिए।

# 70 देशों की जेलों में 10,574 भारतीय कैद

## 11 देशों में 43 को सजा-ए-मौत, खाड़ी देशों में 9 सालों में 3405 कैदी बढ़े

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने लोकसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वर्तमान में यमन सहित 11 देशों में 43 भारतीय मौत की सजा का सामना कर रहे हैं। साथ ही, दुनिया के 70 से अधिक देशों की जेलों में 10,574 भारतीय नागरिक बंद हैं।
इनमें से कुछ अंडरट्रायल हैं, कुछ सजा पाए हुए और कुछ सजा पूरी करने के बावजूद रिहाई या प्रत्यर्पण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इनमें से 14 देश ऐसे हैं जहां 100 से ज्यादा भारतीय जेलों में बंद हैं।
हालांकि यह संख्या ज्यादा भी हो सकती है क्योंकि विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कई देशों के कड़े प्राइवेसी कानूनों के कारण सभी मामलों की विस्तृत जानकारी देना संभव नहीं है।
कई देशों में तब तक जानकारी शेयर नहीं की जाती, जब तक संबंधित कैदी इजाजत न दे।

### यूएई में 21 भारतीयों को मिली मौत की सजा

मंत्रालय ने बताया कि 43 भारतीय नागरिक विदेशी जेलों में मौत की सजा का सामना कर रहे हैं। इनमें सबसे अधिक 21 संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हैं। इसके बाद सऊदी अरब (7), चीन (4), इंडोनेशिया (3), यमन (1) और कुछ अन्य देशों में हैं।
15 जुलाई 2025 तक श्रीलंका की जेलों में 28 भारतीय मछुआरे बंद हैं। यह मुद्दा लगातार मानवीय और



आजीविका के आधार पर श्रीलंका सरकार के साथ उठाया जा रहा है।
हाल ही में प्रधानमंत्री ने भी श्रीलंका के राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान इस पर जोर दिया। सरकार ने कहा कि भारतीय मिशन इन कैदियों को कानूनी सहायता, काउंसलर एक्सेस और समय पर रिहाई सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। कई देशों के साथ कैदी स्थानांतरण संधि भी की गई है।

### एक दशक में विदेशी जेलों में 63 प्रतिशत कैदी बढ़े

विदेशी जेलों में भारतीय कैदियों की संख्या बीते एक दशक में 63 प्रतिशत बढ़ी है। साल 2016 में विदेशी जेलों में 6,489 भारतीय बंद थे। इनकी संख्या अगस्त, 2025 में बढ़कर 10,574 हो गई है।
सबसे अधिक कैदी 6 खाड़ी देशों में हैं। 2016 में खाड़ी देशों में 3,266 कैदी थे।
इनमें सऊदी अरब में 1653, यूएई में 838, कुवैत में 459, कतर में 139, ओमान में 109, बहरीन में 68 कैदी शामिल थे। यह संख्या 2025 में 6,671 यानी दोगुने से भी ज्यादा हो गई।
सरकार ने बताया कि कैदियों की सहायता के लिए इंडियन कम्युनिटी वेलफेयर फंड भी सक्रिय है। इसके जरिए जरूरतमंद कैदियों को मदद दी जाती है।



## हैप्पी मॉर्निंग

पप्पू ऑपरेशन के लिए एक डॉक्टर के पास गया और वहां रखी फूलों की माला को देखकर बोला- ये फूलों की खुशबूदार माला किस के लिए है? डॉक्टर- ये मेरे जीवन का पहला ऑपरेशन है, सफल हुआ तो मेरे लिए नहीं तो तुम्हारे लिए.....



## शायरी

लहू वतन के शहीदों का रंग लाया है
उछल रहा है ज़माने में नाम-ए-आज़ादी

## अर्थसार



सेंसेक्स:
80,597.66
+57.75 (0.072%)
निफ्टी:
24,631.30
+11.95

## मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूर्योदय शनिवार : 5 : 57
सूर्यास्त शुक्रवार : 7 : 05

# हरियाणा में शिक्षक ट्रांसफर पॉलिसी में होगा बदलाव

**चंडीगढ़।** हरियाणा में शिक्षकों की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर बदलाव की सुगबुगाहट है। ट्रांसफर को लेकर शिक्षा निदेशालय स्तर पर एक संशोधित प्रस्ताव तैयार कर मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजा गया है। विशेष बात यह है कि इस बार कपल (पति-पत्नी) ट्रांसफर केस में मिलने वाले अतिरिक्त अंकों को लेकर असमंजस बनी हुई है। प्रस्ताव में इस विषय पर निर्णय मुख्यमंत्री की मंजूरी पर टिका है। सूत्रों के अनुसार शिक्षा विभाग ने कुछ बिंदुओं पर मॉडल ट्रांसफर पॉलिसी के प्रारूप से छूट मांगी है। इनमें कपल केस के अंकों के अलावा सर्विस रूल के तहत शिक्षकों को दी गई मेजर (गंभीर) या आंशिक (हल्की) पेनल्टी को भी स्कोर में शामिल करने का प्रस्ताव है।
शिक्षक को सर्विस पीरियड में पेनल्टी मिली है तो उसके अंकों में कटौती की जाएगी, जिससे उसको ट्रांसफर प्राथमिकता प्रभावित हो सकती है। संशोधित पॉलिसी का उद्देश्य पारदर्शिता और निष्पक्षता को बेहतर करना है ताकि वास्तविक जरूरतमंद शिक्षकों को वरीयता के आधार पर तबादला का लाभ मिल सके।

# पंजाब में प्रधानमंत्री सड़क योजना के कई प्रोजेक्ट रद्द

## 800 करोड़ से 64 सड़कें- 38 पुल बनने थे; बॉर्डर एरिया में ज्यादा प्रभाव

चंडीगढ़। केंद्र सरकार ने पंजाब के प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत करीब 800 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट रद्द कर दिए हैं। योजना के तहत राज्य में 64 सड़कें बननी थीं, जबकि 38 नए पुल बनाए जाने थे। इन सड़कों की कुल लंबाई 628.48 किलोमीटर बनती है।
वहीं, इस मामले में पंजाब सरकार की तरफ से केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा गया है, साथ ही इन प्रोजेक्टों को जल्दी मंजूरी देने की मांग की गई है। सरकार का कहना है कि इस वजह से आम लोगों को दिक्कत आएगी।



### 31 मार्च को केंद्र से मिली मंजूरी

पंजाब सरकार ने इस प्रोजेक्ट के तहत वातावरण अनुकूल नई टेक्नोलॉजी एफडीआर के तहत 64 सड़कें अपग्रेड करनी थीं। वहीं, 15 मीटर से अधिक लंबाई के 38 पुल बनाए जाने थे। केंद्र सरकार ने 31 मार्च को इन सड़कों व पुलों के प्रोजेक्ट की मंजूरी दी थी। पर अब केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव को पत्र लिखा गया है, जिसमें कहा गया है कि जिन प्रोजेक्टों के कामों का टेंडर नहीं हुआ या प्रोजेक्ट शुरू नहीं हुए हैं, उन्हें ड्रॉप किया जाता है।

## एसआईआर

### इसी से कहा- जिन 65 लाख लोगों के नाम ड्राफ्ट में नहीं, उन्हें वेबसाइट में अपडेट करें

# बिहार एसआईआर केस, सुप्रीम कोर्ट बोला- आधार वैध दस्तावेज

नई दिल्ली/पटना। सुप्रीम कोर्ट में बिहार में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) पर तीसरे दिन भी सुनवाई हुई। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच में ये सुनवाई चली।

एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि जिन 65 लाख मतदाताओं का नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं है, उनका नाम 48 घंटे के भीतर जिला निर्वाचन अधिकारी के वेबसाइट पर शेयर किया जाए। उनका नाम क्यों काटा गया, इसकी वजह भी बताई जाए। यह लिस्ट सभी संबंधित



बीएलओ के ऑफिस के बाहर, पंचायत भवन और बीडीओ के ऑफिस के बाहर लगाई जाएगी। इस बात की सूचना सभी प्रमुख समाचार पत्रों, टीवी, रेडियो द्वारा दी जाएगी।

साथ ही कोर्ट ने आदेश दिया कि जिनका नाम लिस्ट में नहीं है उनके पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड को स्वीकार करें।

### चुनाव आयोग को 3 दिन का वक्त दिया

सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि, मंगलवार तक चुनाव आयोग यह बताए कि वह पारदर्शिता के लिए क्या कदम उठाने जा रहा है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने 3 दिन का वक्त चुनाव आयोग को दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों ने फॉर्म जमा किए हैं, वे फिलहाल मतदाता सूची में शामिल हैं।


जस्टिस सूर्यकांत ने वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से कहा, चूंकि यह कार्रवाई नागरिक के मताधिकार से वंचित करने जैसे गंभीर परिणाम ला सकती है, इसलिए निष्पक्ष प्रक्रिया जरूरी है।

इस दौरान जस्टिस बागची ने सवाल उठाया कि जब सभी नाम बोर्ड पर चिपकाए जा सकते हैं, तो वेबसाइट पर क्यों नहीं डाले जा सकते। अधिवक्ता द्विवेदी ने दलील दी कि एक पुराने फैसले में मतदाता सूची को पूरी तरह खोज योग्य बनाने पर गोपनीयता संबंधी आपत्ति जताई गई थी। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि खोज योग्य रूप में जानकारी देना ठीक है।

उन्होंने बताया कि बूथ लेवल ऑफिसर के मोबाइल नंबर वेबसाइट पर डाले जाएंगे, जिसे जस्टिस सूर्यकांत ने अच्छा कदम माना।

वरिष्ठ अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने सुझाव दिया कि सूची मशीन-रीडेबल होनी चाहिए, क्योंकि पहले एक घोटाला सामने आ चुका है।

## सभी देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




मैनेजिंग डायरेक्टर चन्द्रकुमार दीक्षित

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्ध नगर
शुक्रवार 15 अगस्त 2025
Www.vishalindia.in

# संपादकीय

## स्वतंत्रता दिवस और भारत की असली तस्वीर



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

वतन की रेत ज़रा एड़ियाँ रगड़ने दे,
मुझे यक़ीं है कि पानी यहीं से निकलेगा।

आज हम तिरंगा लहराते हुए आज़ादी के 78 साल पूरे कर रहे हैं।
लाल क़िले से भाषण होंगे, टीवी पर देशभक्ति गीत गूंजेंगे,
सोशल मीडिया पर 'जय हिंद' के पोस्ट और स्टेटस की बाढ़ आ जाएगी।
लेकिन क्या हमने कभी ठहरकर सोचा है —
क्या आज़ादी सिर्फ झंडा फहराने, भाषण सुनने और गीत गाने का नाम है?
क्या हमने सिर्फ अंग्रेज़ों की बेड़ियां तोड़ीं, या अन्याय, असमानता और पाखंड से भी खुद को मुक्त किया?

### आज़ादी बनाम हकीकत

1947 में राज बदला, लेकिन व्यवस्था के कई ज़ख्म अब भी हरे हैं —

- बेरोज़गारी आज़ादी के बाद के किसी भी दौर से ज़्यादा है; लाखों डिग्रीधारी युवा सिफ़ारिश और रिश्वत के चक्रव्यूह में फंसे हैं।
- महंगाई ने मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी, और गरीब के लिए पेट भरना रोज़ की जंग है।
- लोकतंत्र की आत्मा — सवाल पूछने का हक़ — अब डर, मुकदमों और ट्रोल आर्मी की धमकियों में कैद है।
- धर्म और जाति की खाई इतनी चौड़ी हो चुकी है कि नेताओं ने इन्हें पाटने की बजाय अपनी राजनीति के स्थायी अड्डे बना लिया है।

### नारी की अधूरी आज़ादी

आज़ादी अधूरी है, क्योंकि आधी आबादी अब भी जंग लड़ रही है —

- बेटी को जन्म से पहले मारने की कोशिश अब भी होती है।
- उसके कपड़ों, सपनों और करियर पर समाज का पहरा बैठा है।
- सड़क, दफ़्तर और घर — तीनों जगह उसे समान अधिकार और सुरक्षा अब भी गारंटी के तौर पर नहीं मिले हैं।
- शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता के दरवाज़े अब भी 'इज़्ज़त' के ताले से बंद किए जाते हैं।

जिस देश की नारी मुक्त न हो, वहां की आज़ादी सिर्फ आधा सच है।

### सच्ची आज़ादी की कसौटी

सच्ची आज़ादी तब होगी जब —

- किसान कर्ज़ में डूबकर जान न दे, बल्कि फसल के साथ मुस्कुराए।
- युवाओं को नौकरी पाने के लिए नेताओं के दरवाज़े न खटखटाने पड़ें।
- मीडिया सत्ता का भोंपू नहीं, जनता का प्रहरी बने।
- नारी के साथ भेदभाव और हिंसा का अंत हो।
- चुनावी मंडी में धर्म और जाति के सौदे बंद हों, और असली मुद्दे — शिक्षा, रोज़गार, स्वास्थ्य और समान अधिकार — चर्चा में हों।

### तिरंगे का संदेश

तिरंगे के तीन रंग हमें रोज़ याद दिलाते हैं —

- केसरिया : साहस और बलिदान — जो सत्ता की धमकी से न झुके।
- सफ़ेद : सच्चाई और पारदर्शिता — जो झूठ और पाखंड से समझौता न करे।
- हरा : उम्मीद और विकास — जो हर घर तक पहुंचे, न कि सिर्फ चुनावी मंचों पर गूंजे।

अगर ये रंग हमारे शासन और समाज में नहीं हैं,
तो तिरंगा बस कपड़े का टुकड़ा रह जाएगा — रंग होंगे, आत्मा नहीं।
आखिरी बात
'स्वतंत्रता दिवस कैलेंडर की तारीख़ नहीं, यह हर नागरिक के लिए आईना है — कि हमने अपनी आज़ादी के साथ क्या किया, और आने वाली पीढ़ी को क्या देंगे।'

आज जश्न मनाइए, लेकिन खुद से यह वादा भी कीजिए —
कि अगला स्वतंत्रता दिवस केवल भाषण और गीतों का नहीं,
बल्कि सच्ची आज़ादी की जीत का दिन होगा।

## दीर्घकालिक दृष्टिकोण की जरूरत

यूं तो देश में आवारा कुत्तों के संकट को लेकर गाहे-बगाहे सवाल उठते रहे हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के दिल्ली के आवारा कुत्तों को लेकर आए सख्त निर्देश ने इस बहस को नया मोड़ दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार व स्थानीय निकायों से कहा है कि सभी आवारा कुत्तों को आठ सप्ताह के भीतर आश्रय स्थलों में स्थानांतरित किया जाए। हालांकि, समस्या की व्यावहारिक दिक्कतों को लेकर कई यक्ष प्रश्न हैं क्योंकि फिलहाल कुत्तों के लिये ऐसे आश्रय स्थल उपलब्ध नहीं हैं। निस्संदेह, जन सुरक्षा की चिताएं अपनी जगह जायज हैं। बताते हैं कि दिल्ली में रोजाना 2000 तक कुत्ते के काटने की घटनाएं होती हैं। साथ ही रेबीज़ के मामले भी बढ़ रहे हैं। लेकिन इस बड़ी समस्या का समाधान सिर्फ प्रतिक्रियात्मक नहीं होना चाहिए। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल देशभर में कुत्तों के द्वारा काटने के बाइस लाख मामले सामने आए हैं। निस्संदेह, यह एक जटिल चुनौती है और इसके समाधान के लिये एक दीर्घकालिक, तार्किक व परामर्शी रणनीति की आवश्यकता है। इस अभियान में नगर निकाय, पशु चिकित्सक, पशु कल्याण से जुड़े संगठनों और स्थानीय लोगों की भागीदारी जरूरी है। निर्विवाद रूप से इस संकट के मूल में असली समस्या खराब शहरी नियोजन,पशु जन्म नियंत्रण यानी एबीसी तथा टीकाकरण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन से जुड़ी खामियों की है। देश के शहरों, कस्बों और गांवों के कूड़े के ढेर खुले बूचड़खानों के कचरे से भरे रहते हैं। जहां आवारा कुत्तों की आबादी फल-फूल रही है। नगर निकायों द्वारा वर्षों से चलाए जा रहे नसबंदी अभियान और रेबीज़-रोधी टीकाकरण अभियान इन आवारा कुत्तों की संख्या को कम करने में विफल रहे हैं। निर्विवाद रूप से इस मद के लिये पर्याप्त बजट न होना और कर्मचारियों की कमी इन प्रयासों में बाधा डालती रही है। इस बीच सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने को लेकर आए दिन टकराव देखा जाता रहा है।

दरअसल, देश में पशु प्रेमियों की भी एक बड़ी आबादी है। भारत में पशु-पक्षियों के कल्याण व संरक्षण की समृद्ध परंपरा रही है। गाय व श्वान का ग्रास देना संस्कृति का हिस्सा रहा है। सोमवार को दिल्ली में आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों में भेजने के खिलाफ कुछ लोगों ने प्रदर्शन किया तो कुछ लोग हाथ में कई तख्तियां लिए हुए थे, जिसमें लिखा था कि काल भैरव सब देख रहे हैं। दरअसल, हिंदू मान्यताओं के अनुसार जीव संरक्षण के लिये हर देवी-देवता के साथ वन्य जीव, पशु-पक्षियों को दर्शाया गया है। यहां तक कि श्राद्ध के अवसर पर गाय, कौवे व कुत्ते के लिये अन्न ग्रास निकाला जाता है। सदियों से मनुष्य के अंग-संग कुत्ता रहा है। कहा जाता है कि पांडवों के स्वर्गारोहण के वक्त उनके साथ एक श्वान चला था। लेकिन आज शहरों में फ्लैट संस्कृति में पालतू जानवरों की भूमिका खत्म होने से वे सड़कों पर आ गए। यहां सवाल उनके आक्रामक होने पर भी हैं। दरअसल, आम लोग मांसाहारी भोजन के अवशेष कचरे में फेंक देते हैं, जिससे उनमें आक्रामकता आती है। वहीं जानवरों में असुरक्षाबोध भी उन्हें आक्रामक बना देता है।

# क्या भारत के लिए खतरा बन सकती है ट्रंप-मुनीर की नई जोड़ी?

मृत्युंजय दीक्षित






ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद जब जनरल मुनीर ने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बिरयानी का स्वाद चखा और फिर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति का नाम नामित किया, भारत तभी से इस मित्रता से प्रति सतर्क हो गया है। ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ है। विगत दिनों भारतीय वायुसेना प्रमुख का वक्तव्य आया कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। थलसेना प्रमुख ने भी जल्द एक युद्ध होने और आगामी युद्ध दो देशों के बीच नही अपितु कई मोर्चों पर होगा कहकर हड़कंप मचा दिया है। कर्नाटक की रैली में कांग्रेस नेताओं के समक्ष ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उल्लेख कर दिया जिससे पाकिस्तान का तिलमिला जाना स्वाभाविक ही है।

उधर आजकल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर से प्यार हो गया है और वह दो बार वाशिंगटन यात्रा कर आया है इससे जनरल मुनीर का दिलो दिमाग खराब होना तय है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद जब जनरल मुनीर ने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बिरयानी का स्वाद चखा और फिर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति का नाम नामित किया, भारत तभी से इस मित्रता से प्रति सतर्क हो गया है। जून 2025 के बाद असीम मुनीर दो महीने में दूसरी बार अमेरिका की यात्रा कर आए हैं। मुनीर ने अमेरिकी सेंट्रल कमांड के कमांडर जनरल माइकल कुरिला के विदाई समारोह में भाग लिया और नये कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर को बधाई दी। इसमें महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि अमेरिका की ओर से जो बयान दिए जा रहे हैं उसमें वह पाकिस्तान को ही आतंकवाद से पीड़ित राष्ट्र मान रहा है वह भी तब अमेरिका का सबसे बड़ा गुनाहगार पाकिस्तान में ही पाया गया था और आज भी वहां पर 126 प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के नेता खुलेआम घूम रहे हैं। अमेरिका ने जिस तरह बलूचिस्तान में स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे संगठनों को आतंकी संगठन घोषित करते हुए उन्हें प्रतिबंधित किया है, उससे मुनीर की बांछें खिलना तय है।

अमेरिका में हो रही पाकिस्तानी हितों की सुरक्षा से उत्साहित पाक सेना प्रमुख ने अमेरिकी धरती से भारत पर परमाणु हमला करने की धमकी दे डाली और उसके बाद अन्य पाक नेताओ के भी वैसे ही बयां आने लगे आने लग गये। इन नेताओं में पूर्व विदेशमंत्री बिलावल भुट्टो व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी हैं। भारत-अमेरिका संबंधों के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि अमेरिकी धरती से भारत को परमाणु धमकी मिली है। रक्षा विश्लेषक अनुमान लगा रहे हैं कि मुनीर को यह ताकत अमेरिकी नीतियों के कारण ही मिल रही है। इसके पीछे एक बात यह भी हो सकती है कि अमेरिका भारत पर लगतार टैरिफ पर टैरिफ लगाने की धमकियां दे रहा है किंतु भारत पर अमेरिकी धमकियों का कोई असर नहीं पड़ रहा है। भारत किसी दबाव के आगे बिना झुके अपने विकास के संकल्पों के साथ लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार यह बयान दे रहे हैं कि उनकी वजह से ही भारत-पाकिस्तान के मध्य संघर्ष विराम हुआ किंतु भारत उनकी इस थ्योरी को बार- बार खारिज कर रहा है कि भारत -पाक के मध्य संघर्ष विराम अमेरिका की मध्यस्थता के कारण हुआ। यही बात अमेरिकी राष्ट्रपति को बुरी लग रही है और वे पाकिस्तान से गलबहियां करते दिख रहे हैं।

मुनीर ने अमेरिका की धरती से भारत पर परमाणु हमले की धमकी दी और भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला। मुनीर की बातो में परमाणु शक्ति संपन्न होने का अहंकार स्पष्ट दिख रहा है। उसने कहा कि जब हमें लगा कि हम डूब रहे हैं तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेंगे। इसमे सबसे बड़ा सवाल यह भी उठ रहा है कि एक तरफ अमेरिका और इजरायल ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देने के लिए उस पर हमला कर रहे हैं और ईरान को तबाह करने के लिए तैयार हैं दूसरी तरफ पाकिस्तान उसकी धरती पर ही आधी दुनिया को मिटाने की बात कह रहा है। मुनीर के बयान ने दक्षिण एशिया और वैश्विक मंच पर तनाव बढ़ा दिया है। मुनीर सिंधु जल संधि को लेकर भी धमकी दे रहा है कि अगर भारत बांध बनाएगा उसे पाकिस्तान 10 मिसाइलों से नष्ट कर देगा। मुनीर को ऐसा क्यों लगता है कि भारत के पास मिसाइलें हैं ही नहीं या पाक से मिसाइलें आने पर भारत हाथ पर हाथ धर के बैठा रहेगा?

भारत के लिए परमाणु धमकी का अब कोई मतलब नहीं रह गया है और भारत कई बार स्पष्ट कर चुका है कि परमाणु ब्लैकमेलिंग अब नहीं चलने वाली है। भारत स्वयं एक जिम्मेदार और परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र है। पाकिस्तान को यह भी समझना होगा कि उनके परमाणु हथियार तो भारत पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए जाएंगे किन्तु जब भारत पलटवार करेगा तब पाकिस्तान का एक कोना भी नहीं बचेगा।

पाक सेना प्रमुख जनरल मुनीर के बयान के बाद अमेरिका से ही उसके खिलाफ कड़ी आवाज उठने लगी है। अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रूबिन ने पाक सेना प्रमुख मुनीर की ओर से अमेरिकी धरती से दी गई धमकी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि फील्ड मार्शल असीम मुनीर सेना की वर्दी में आतंकी सरगना ओसामा बिन लादेन है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का व्यवहार पूरी तरह से अस्वीकार्य है। रूबिन ने अमेरिकी प्रशासन को सुझाव दिया है कि जनरल मुनीर को अवांछित व्यक्ति घोषित कर उनके अमेरिका वीजा पर तुरंत प्रतिबंध लगा देना चाहिए।


अमेरिका के प्रश्रय में पाकिस्तान एक दुष्ट देश की तरह व्यवहार कर रहा है। पाकिस्तान एक तरफ आतंकवाद से लड़ने का दावा कर रहा है वहीं दूसरी तरफ वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नामित आतंकी समूहों को समर्थन व संरक्षण दे रहा है। पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई ने ही तालिबान और अलकायदा को पैदा किया। पाकिस्तान की सेना ने शीततयुद्ध के दौर में ही अमेरिका से पैसा और राजनयिक संरक्षण हासिल किया है। उसने इन सबका प्रयोग पाकिस्तान के नागरिकों की भलाई करने के लिए नहीं अपितु अपने संकीर्ण और विनाशक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए किया। पाकिस्तान में ही लश्कर-ए-तैयबा व जैश जैसे संगठन फल फूल रहे हैं।

पाक सेना प्रमुख मुनीर एक खतरनाक जिहादी मानसिकता का व्यक्ति है। पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड मुनीर ही है और उस मुनीर के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति का बिरयानी खाना भारत की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है किन्तु भारत अत्यंत सवाधनी से आगे बढ़ रहा है।

पाकिस्तान इस समय इतनी नीचता पर उतर आया है कि उसने नापाक हरकत करते हुए इस्लामाबाद में भारतीय राजनायिकों के घरों में मिनरल वाटर, गैस और अखबार की आपूर्ति रोक दी है। भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की है और राजधानी दिल्ली स्थित पाक दूतावास में अखबार देना बंद कर दिया गया है। पाकिस्तान एक निकृष्ट शत्रु राष्ट्र है और वह उसी भाषा में समझाने लायक है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली -3621




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 3620 का हल



## हंसी के फूव्वारें


दारोगा (रमेश से) - जब तुम्हारे यहां चोरी हुई, उस समय कितना बजा था?
रमेश (दारोगा से) - हम पर चार लट्ठ और हमारे भाई पर दो लट्ठ बजे थे.
दारोगा (रमेश से) - अरे मै घड़ी का पूछ रहा हूं उसमे कितना बजा था?
रमेश (दारोगा से) - साहब घड़ी तो एक ही लट्ठ बजने पर टूट गई.

महेश (संजय से) - मुझे खुशी इस बात की है कि मेरा बॉस एक डॉक्टर है.
संजय (महेश से) - ऐसी क्या खासियत है आपके बॉस में?
महेश (संजय से) - मैं थोड़ा भी बीमार पड़ता हूं, तो वह मुझे फौरन बेड रेस्ट की सलाह दे देता है.

दो मूर्ख वार्तालाप कर रहे थे.
पहला बोला- 'यदि वृक्ष पर हाथी चढ़ जाए और वहां से नीचे उतरना चाहे तो उसे क्या करना चाहिए?'
दूसरा मूर्ख बोला- 'हाथी को वृक्ष की टहनी पर बैठकर पतझड़ के आने की प्रतीक्षा करनी चाहिए.'

राम (मोहन से) - क्या कर रहे हो?
मोहन- दोस्त को पत्र लिख रहा हूं.
राम- लेकिन तुम्हें लिखना नहीं आता.
मोहन (राम से) - तो मेरे दोस्त को कौन सा पढ़ना आता है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3621



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, राखी, की 'एक रास्ता है' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली फिल्म-३
६. सनी देओल, रवीना की 'दिल ना किसी का जाये' गीत वाली फिल्म-३
७. 'मैं तुझसे मिलने आई मंदिर जाने के बहाने' गीत वाली की फिल्म-२
९. संजयदत्त, पूजा की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राज बब्बर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की' गात वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'जिंदगी के खेल में' गात वाली अनिल कपूर, माधुरी की फिल्म-२
२०. फिल्म 'डकैत' में मीनाक्षी के साथ नायक कौन था?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी?-२
२३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. जीतेंद्र, जया की 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी, जया की फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीव, राखी की एक फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बारती' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनीलदत्त, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. 'सुंदरा सुंदरा' गात वाली फिल्म-३
४. फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'राहों में उड़ती जाए बिछड़े' गीत वाली फिल्म-२
८. 'जीवनमृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका?-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है?-२
१२. 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजय कपूर, शिल्पा की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शोला और शबनम' में गोविंदा की नायिका कौन थी?-२
१७. 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२० 'आंखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२
२६. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
३०. विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली-3620



## सूडोकु -3621


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3620 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## शब्द पहेली - 3621



**बाएँ से दाएँ**

1.सरदार,अगुआ-4
5.जनमत,एक राय-4
9.पुराना जुकाम-3
10.चिंता,परवाह-3
12.पैंदा,तल्ला-2
14.ताल,सुर,आलाप-2
15.महोदय (अंग्रेजी-2)
16.लाडला,दुलारा-2
17.निवास करना-3
19.डोली उठाने वाले-3
21.नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22.तड़फाना-4
24.जल में रहनेवाला-4
25.दरियादिल,करुण-5
26.इराक की राजधानी-4
29.भेंट,पुरस्कार-4
33.पासों से भविष्य देखना-3
34.अश्ववाहक,घुड़सवार-3
36.चौकसी,रखवाली-3
37.हलक,कंठ-2
38.सदैव-2
39.लार -2
42.निश्चित-2
42.कालीन-3
43.बंदर,मर्कट-3
45.किसान-4
46.इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**

2.क्रिकेट में बनते हैं-2
3.नगमा,गीत (उर्दू-3)
4.जो लायक न हो-4
5.अधिकारी,अफसर-4
6.राशिचक्र की एक राशि -3
7.झगड़ा,बैर-2
8.आदत,व्यवहार-4
11.शमशीर-4
13.तरंग,हिलोर-3
16.तृष्णा,लोभ-3
18.अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20.जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21.नीर,पानी-2
23.देवर्षि-3
24.ईर्ष्या,डाह-3
26.वटवृक्ष-4
27.जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28.दलहन-2
30.मंत्र जाप-2
31.तसल्ली,आराम-3
32.भगवान विष्णु-4
34.धर्मशीलता-4
35.पैजामा-4
38.तमीज-3
40.साजन,प्रेमपात्र-3
42.पहरा,चौकसी-2
44.अवकाश-2

### शब्द पहेली -3620 का हल



# आईजीआरएस पोर्टल शिकायत निस्तारण : अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक



**गौतम बुद्ध नगर।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता के तौर पर न किया जाए, बल्कि शिकायतकर्ता से प्रत्यक्ष वार्ता कर उनकी समस्याओं का वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने स्तर पर प्रतिदिन आइजीआरएस पोर्टल की मॉनिटरिंग करें, ताकि लंबित मामलों की संख्या में कमी लाई जा सके और शिकायतकर्ता को समय पर संतोषजनक उत्तर मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से जोर दिया कि जनपद की राज्य स्तरीय रैंकिंग में सुधार लाने के लिए सभी विभाग तेज, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने विभागों को यह भी हिदायत दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें और संबंधित अभिलेखों को पोर्टल पर समय से अपलोड करें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई पोर्टल शासन की प्राथमिकता योजनाओं में से एक है, इसलिए इसकी महत्ता को समझते हुए सभी अधिकारीगण आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेकर शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, तहसीलदार दादरी अजय कुमार, तहसीलदार जेवर ओमप्रकाश पासवान, सभी विभागों तथा प्राधिकरण के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नोएडा में सुबह से बारिश का सिलसिला जारी

**नोएडा।** नोएडा में कल सुबह से ही मौसम ने करवट ली है। जहां घने बादलों ने आसमान को ढक लिया और कई इलाकों में तेज बारिश हो रही है। इससे लोगों को तेज उमस से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार, यह बारिश का दौर पूरे दिन जारी रह सकता है। जिससे तापमान में गिरावट और उमस से राहत मिलने की उम्मीद है।

बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया का असर यहां तक पहुंच रहा है। जिससे अगले कुछ दिनों में बारिश का दौर जारी रहेगा।

सुबह करीब सात बजे से मौसम में बदलाव आना शुरू हुआ। हालांकि रात में रुक -रुक कर हल्की बारिश हुई थी। दिन निकलने के साथ कुछ इलाकों में झमाझम बारिश हुई। नोएडा में तापमान 26 डिग्री तक पहुंच गया। अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री तक रहेगा। हवा की गति 5 किमी प्रतिघंटा से 13 किमी प्रतिघंटा रहने की संभावना है। बारिश के साथ गरज-चमक को बढ़ावा देगी।

मौसम विभाग ने आज के लिए हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है, जिसमें एनसीआर के ज्यादातर इलाकों में बादल छाए रहेंगे। आईएमडी के मुताबिक, दोपहर में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। जबकि शाम तक बारिश की तीव्रता बढ़ सकती है। नमी का स्तर 68 प्रतिशत से 85 प्रतिशत तक रहेगा।

# नोएडा प्राधिकरण कराएगा स्ट्रीट डॉग्स का सर्वे

**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट ने स्ट्रीट डॉग्स को शेल्टर भेजने का आदेश दिया है। इस आदेश के तहत नोएडा में डॉग्स का सर्वे किया जाएगा। अब तक किए गए सर्वे में करीब 50 हजार डॉग्स की जानकारी सामने आई है। बाकी सर्वे का काम एनजीओ से कराया जाएगा। सीईओ लोकेश एम ने बताया कि नोएडा में चार डॉग शेल्टर सेक्टर-34, 50, फेज-2 और सेक्टर-93 में है। सेक्टर-34 और 93 के शेल्टरों में डॉग को रखा गया है। सेक्टर-94 में एनिमिल शेल्टर है। यहां बीमार पशुओं का इलाज किया जाता है।

नए डॉग शेल्टर बनाए जाने के कहा गया है। ये शेल्टर काफी बड़े होंगे। इसके लिए जमीन चिह्नित करने के कहा गया है। शेल्टर शहर के आउटर एरिया में बनाए जाएंगे। शेल्टर में आने वाले डॉग्स या बीमार डॉग्स के इलाज के लिए पशु चिकित्सकों को भी रखा जाएगा। डॉग्स की फीडिंग और अन्य कार्यों के लिए एनजीओ से संपर्क किया जा रहा है। प्राधिकरण की एक पूरी टीम इस काम में लगाई गई है। सर्वे पूरा होने के बाद आगे की रणनीति पर काम किया जाएगा।

जिला प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार गौतमबुद्ध नगर में पिछले सात महीने में 73 हजार 754 लोगों को डॉग ने कटा है। ये सभी बाइट स्ट्रीट डॉग ने की।

# जिलाधिकारी ने मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम का किया स्थलीय निरीक्षण

## जिलाधिकारी ने स्टेडियम में खेल उपकरणों, मूलभूत सुविधाओं तथा साफ-सफाई को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश





**गौतम बुद्ध नगर।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम ने आज मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम, ग्रेटर नोएडा का स्थलीय निरीक्षण करते हुए स्टेडियम की सुविधाओं, रखरखाव और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण माहौल का बारीकी से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खेल विभाग के वरिष्ठ प्रशिक्षक को निर्देश दिए कि स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त खेल उपकरण, मूलभूत सुविधाएं और स्वच्छ वातावरण हर समय उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रोत्साहन समिति के माध्यम से उपकरणों की खरीद, ट्रैक और मैदान की मरम्मत, जिम व कोर्ट की देखभाल तथा खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि स्टेडियम में स्वच्छ पेयजल, साफ-सुथरे शौचालय, उचित बैठने की व्यवस्था और खेल सामग्री का नियमित रखरखाव अनिवार्य रूप से किया जाए।

वरिष्ठ प्रशिक्षक परवेज अली ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि स्टेडियम में सफाई कर्मियों की कमी है, जिस पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए मौके पर ही जिला पंचायत राज अधिकारी को सफाई कर्मी हेतु व परिसर में फैली झाड़ियों और पेड़-पौधों की छंटाई, वृक्षों का रख-रखाव और हरित सौंदर्यीकरण हेतु प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया।

# उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जनपद में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का हुआ आयोजन

- दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा में विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुति



**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम की श्रृंखला में आज दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल नॉलेज पार्क-5 ग्रेटर नोएडा में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन हुआ, जिसका मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी द्वारा कार्यक्रम का फीता काटकर विधिवत्त शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विभाजन विभीषिका की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें विभाजन को दर्शाने वाली किताबें और क्लिपिंग व शॉर्ट डॉक्युमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। साथ ही दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में प्रदर्शनी एवं स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने स्कूल प्रिंसिपल जो स्वयं विभाजन की त्रासदी झेल चुके परिवार की सदस्य हैं, को पौधा देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों से आह्वान किया कि बच्चों विभाजन विभीषिका की पुस्तक पड़े तब आपको ज्ञात होगा कि विभाजन से कितना दर्द होता है कितनी तकलीफों से गुजरना पड़ता है विभाजन का दर्द आज भी हमारे हृदय में उठ पड़ता है। उन्होंने कहा कि हम सबको आपसी सौहार्द के साथ अपने देश के निर्माण के लिए आगे बढ़ाना है और देश की तरक्की के साथ-साथ इसकी रक्षा के लिए सतत समर्पित रहना है।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला दिव्यांगजन अधिकारी आशीष कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसोदिया, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कुमुद चौधरी, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी गण, शिक्षक एवं स्कूली बच्चों तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## फर्जी पुलिस स्टेशन चलाने वाले मास्टरमाइंड से पूछताछ

**नोएडा।** पश्चिम बंगाल से नोएडा सेक्टर-70 में आकर फर्जी पुलिस थाना खोलकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के सरगना और उसके बेटे से पुलिस ने बुधवार को जेल में ढाई घंटे तक पूछताछ की। गिरोह बनाने से लेकर ठगी के रैकेट के बारे में कई अहम जानकारी जुटाई हैं। जल्द ही दोनों को पुलिस रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में अर्जी लगाएगी। पुलिस ने बताया कि रविवार को उन्होंने छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इन लोगों ने कुछ दिन पहले ही सेक्टर-70 में पुलिस के बोर्ड से मिलते-जुलते बोर्ड लगाकर लोगों को भ्रमित करने के लिए कार्यालय खोला। ताकि लोगों को पुलिस थाना लगे। इंटरनेशनल पुलिस एंड क्राइम इंवेस्टिगेशन ब्यूरो के नाम ट्रस्ट बनाकर वेबसाइट भी बना ली थी। जिन छह लोगों को पकड़ा, उसमें सरगना बिभाष चंद्र अधिकारी और उसका बेटा अराग्य है। केस की तह तक जाने के लिए बुधवार को लुक्सर स्थित जेल में पूछताछ के लिए कोर्ट से अनुमति ली।

# नोएडा प्राधिकरण ने 6 करोड़ की जमीन कराई कब्जा मुक्त



**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण अवैध निर्माण को सख्त होती दिख रही है। आज करीब दो हजार वर्गमीटर जमीन को अवैध कब्जा मुक्त किया गया। यहां अवैध रूप से नर्सरियों का संचालन किया जा रहा था। कई बार नोटिस जारी करने के बाद भी इनको यहां से नहीं हटाया गया। ऐसे में इनको हटवाया गया। इस दौरान जेसीबी की मदद ली गई। जमीन की कीमत करीब 6 करोड़ रुपए आंकी गई है।

प्राधिकरण के वर्क सर्किल-6 ने सेक्टर -117, 118 में ग्राम सोरखा के खसरा संख्या 320 ,322 ,180 एवम 182 की भूमि से अवैध अतिक्रमण को हटाएगा। इसका क्षेत्रफल दो हजार वर्ग मीटर है। ये जमीन मास्टर प्लान में नियोजित है। साथ ही प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन है। ऐसे में इस जमीन पर नर्सरी का संचालन करना अवैध है। साथ ही यहां अवैध रूप से कंस्ट्रक्शन किया गया था। जेसीबी की मदद से इस कंस्ट्रक्शन को हटाया गया। नर्सरी संचालक के खिलाफ एक्शन लेने की तैयारी की जा रही है। बता दे नोएडा प्राधिकरण द्वारा लगातार अभियान चलाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जा रहा है।

# दो अंतर्राज्यीय वाहन चोर चढे जेवर पुलिस के हत्थे

## चोरी की सात मोटरसाइकिल सहित अवैध असलहा बरामद



सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**ग्रेटर नोएडा।** थाना जेवर पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर चैंकिंग के दौरान अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो अभियुक्तों अभिषेक सिंह पुत्र समय सिंह निवासी नगला भूरिया थाना मगोर्रा जनपद मथुरा, कृष अग्रवाल पुत्र दीपक अग्रवाल निवासी मौहल्ला करनपुर थाना गभाना जनपद अलीगढ़ को ग्राम मेहन्दीपुर गोपालगढ़ रोड़ से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे/निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की सात मोटरसाइकिल और एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक कारतूस जिन्दा बरामद किया है।पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग ब्लिंकिट कम्पनी में कार्य करते थे। इसी दौरान हमे ऐप पर गेम खेलने की लत लग गयी थी जिसमें हम लोग काफी पैसा हार गये थे और हमारे ऊपर कर्जा हो गया था इसलिए हमने मोटरसाइकिल चोरी करने का तरीका अपना लिया। हम लोग चोरी की मोटरसाइकिल को 10 से 15 हजार रूपये में बेच देते थे। हम लोग दिल्ली, नोएडा व अन्य राज्यों से वाहन चोरी करके भिन्न-भिन्न स्थानो पर बेच देते थे। अभियुक्तों के कब्जे/निशानदेही से बरामद चोरी की मोटरसाइकिल भी बिक्री हेतु रखी हुयी थी। अभियुक्तों का अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह है। जिसके अन्य सदस्यों के बारे में व चोरी के वाहन खरीदने वालो की गहन जांच कर कार्यवाही की जा रही है।अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है।जो नोएडा एवं एनसीआर क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## नोएडा एसटीएफ जवानों को गैलेंट्री अवार्ड

**नोएडा।** नोएडा एसटीएफ की दो ऐसी मुठभेड़ जिसमें जवानों ने अदम्य साहस का परिचय दिया और बदमाशों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। इसमें पहली नोएडा के थाना सेक्टर-20 क्षेत्र में हुई। इसमें एसटीएफ और पुलिस ने मिलकर अजय उर्फ कालिया को ढेर किया था। कालिया पर 2 लाख का इनाम था। वहीं दूसरी मुठभेड़ प्रतापगढ़ में हुई जिसमें एसटीएफ नोएडा ने नौ हत्या में वांछित बदमाश बबलू को मार गिराया । अब इन दोनों मुठभेड़ में शामिल जांबाज वर्दीधारियों को स्वतंत्रा दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया जाएगा। सरकार की ओर से जारी गैलेंट्री अवार्ड की लिस्ट में इनका नाम है। शुक्रवार को इन्हें गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। 7 जुलाई 2021 एसटीएफ एक सूचना मिली कि हाईवे पर एक्सल फेंककर नुकीली कीले गाड़कर घटना करने वाला एक्सेल गैंग थाना सेक्टर-20 क्षेत्र में घटना करने वाला है। जानकारी मिलते ही एसटीएफ ने थाना सेक्टर-20 प्रभारी से संपर्क किया। जाइंट टीम ने एक्सेल गैंग को इंटरसेप्ट करे पुलिस होने का परिचय दिया और रुकने के लिए कहा गया। एक्सेल गैंग ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया और भागने लगा।

# गांवों एवं आवासीय कॉलोनी की समस्याओं के समाधान हेतु प्रदर्शन





**ग्रेटर नोएडा।** सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों एवं सरकारी आवासीय कॉलोनी के लोग मूलभूत समस्याओं से लंबे समय से जूझ रहे हैं। लगभग 50 वर्ष पूर्व सरकारी आवासीय कॉलोनी का निर्माण किया गया था सरकारी आवासीय कॉलोनी में बिजली पानी सड़क सुरक्षा श्मशान घाट, शिक्षा चिकित्सा आदि की मूलभूत समस्याएं आज भी बरकार बनीं हुई है। समस्याओं के समाधान हेतु करप्शन फ्री इंडिया संगठन की कोर कमेटी के प्रमुख सदस्य प्रेमराज भाटी के नेतृत्व में कासना साइड 5 स्थित यूपीसीडा के दफ्तर पर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने हल्ला बोल प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। ज्ञापन क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल शर्मा को सौंपा। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय व डा. दीपक शर्मा जी ने बताया कि सरकारी कॉलोनी के मुख्य रास्तों में गहरे गहरे गड्ढे एवं कीचड़ युक्त रास्तों से छोटे-छोटे स्कूली बच्चों एवं बड़े बुजुर्गों को निकालना पड़ता है। जगह-जगह गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। बरसात के मौसम में संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। खाली प्लाटों में बड़ी-बड़ी झाड़ियां खड़ी हुई है जिनमें विषैला जीव जंतु पनप रहे हैं। स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है शाम के समय कॉलोनी में अंधेरा पसरा रहता है। चौधरी प्रवीण भारतीय ने कहा कि कॉलोनी के नोनीहालों को पढ़ने हेतु स्कूल एवं बड़े बुजुर्ग मरीज के इलाज हेतु अस्पताल की स्थापना की जाएं। कॉलोनी में स्थापित पार्कों का जीर्णोद्धार कराया जाए। औद्योगिक क्षेत्र में पढ़ने वाले गांव जोखाबाद गोपालपुर तिल बेगमपुर तिल की मडिया धनपुरा हृदयपुर शामली राजपुर खुर्द शेरपुर राजारामपुर के लोगों का बढ़ते हुए जल,वायु प्रदूषण की वजह से जीवन नारकीय हो चुका है। गांवों के चारों तरफ औद्योगिक क्षेत्र में खुलें नालों में केमिकल युक्त दुषित पानी की वजह से विभिन्न रोग फैल रहे हैं इन गांवों चारों तरफ यूपीसीडा की सभी सड़कों का निर्माण स्ट्रीट लाइटें नालों की सफाई फॉगिंग एवं लारवा का छिड़काव करने की मांग। इस दौरान- मा.दिनेश नागर बलराज हूंण डॉ दीपक शर्मा प्रेमराज भाटी प्रेम प्रधान सुशील प्रधान यतेंद्र नागर विजय शर्मा धीर सिंह भाटी राजकुमार बसंत भाटी डा.मगन रणधीर नागर आदि लोग मौजूद रहें।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा में निवेश के नाम पर ठगे 72 लाख

**नोएडा।** शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर लाखों रुपए मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) से सेवानिवृत महिला के साथ 72 लाख रुपए की ठगी कर ली। छह से अधिक बार में ठगों ने महिला से रकम ट्रांसफर कराई। पीड़िता की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने महिला समेत दो नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-105 स्थित एक्सप्रेस व्यू अपार्टमेंट निवासी मंजू शर्मा ने बताया कि इसी साल अप्रैल माह में उन्हें अद्विका नाम की महिला ने कई वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़ा। उसने खुद का परिचय वित्तीय विशेषज्ञ और ट्रेडिंग सलाहकार के रूप में दिया। जिस ग्रुप में मंजू को जोड़ा गया था उसमें ट्रेडिंग के संबंध में जानकारी और प्रशिक्षण दिया जा रहा था। ग्रुप के सदस्य मुनाफे का स्क्रीनशॉट भी साझा कर रहे थे। निवेश की सफलता के बारे में जानकारी दी जा रही थी ताकि नए सदस्यों को जाल में फंसाया जा सके। पीड़िता इन सब चालों से अनजान थी।

## ग्रेटर नोएडा में निकली तिरंगा यात्रा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जुनेदपुर गांव में स्वतंत्रता दिवस से पूर्व देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। दरियाव सिंह नागर युवा समिति ने शहीद गुर्जर दरियाव सिंह नागर चौक से तिरंगा रैली का आयोजन किया। समिति के सदस्य मास्टर दिनेश नागर ने शहीद दरियाव सिंह के इतिहास को साझा किया। उन्होंने बताया कि 1857 की क्रांति में दरियाव सिंह ने अंग्रेजी शासन का विरोध किया। उन्होंने अंग्रेजों से खेतों में बैलों की जगह हल चलवाया। इस विद्रोह के लिए बुलंदशहर के काले आम पर उन्हें फांसी दी गई। तिरंगा यात्रा गांव की गलियों से होते हुए शहीद चौक पर पहुंची। वहां दीप प्रज्ज्वलन के साथ शहीद को श्रद्धांजलि दी गई। युवाओं और ग्रामीणों ने देश सेवा के लिए समर्पण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राकेश नागर, लखमी पंडित, ब्रह्म प्रधान, कमल नागर, बिक्कू नागर, केशव नागर, किरणपाल सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ब्रह्मपाल सिंह, संजय सरपंच, रत्नपाल नागर, पप्पी नागर, कपिल, वीरेंद्र नागर, नवाब सिंह और अन्य ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

## कंपनी प्रबंधन के 38 लाख रुपये का हड़पने का आरोप

**नोएडा।** सेक्टर-132 स्थित कंपनी के प्रबंधन ने चना खरीदने के एवज में 38 लाख रुपये का भुगतान न करने का आरोप लगाया है। प्रबंधन ने कोर्ट के आदेश पर महाराष्ट्र और गुजरात निवासी आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-126 थाने में केस दर्ज कराया है। सौरभ शर्मा ने न्यायालय में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि वह सेक्टर-132 स्थित अक्षमाला साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि हैं। कंपनी प्रबंधन उर्वरक, कीटनाशक बीज, कृषि उत्पादन से संबंधित खरीद और बिक्री का काम करती है। दो साल पहले कंपनीकर्मी अमित महात्रे लातूर का बस्वाधर गंगाधर स्वामी कंपनी प्रबंधन से चना खरीद को लेकर संपर्क हुआ ।कंपनी के खरीद अधिकारी विपिन प्रह्लाद राव ने उनसे चना लेकर बेचने पर मोटा मुनाफा होने की बात कही। अमित के राजी होने पर विपिन ने चना खरीदने, बेचने और माल ढुलाई वाली कार्तिक ट्रेडर, आशापूर्ण आयल ट्रेडर, दीपक भानुशाली, मीनल भानुशाली, श्री गुरुदेव ट्रेडिंग, विपुल एल लालजी भानुशाली, वर्धमान एंटरप्राइजेज और भद्रा हार्दिक प्रोपराइटर से संपर्क कराया।

## ईएसआईसी अस्पताल रविवार को भी खुलेगा

**नोएडा।** सेक्टर-24 स्थित ईएसआईसी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज छुट्टी के दिन रविवार को भी खुला रहेगा। इस दिन ओपीडी, भर्ती समेत अन्य सुविधाएं मरीजों को मिलेंगी। लगातार तीन दिन छुट्टी होने की वजह से अस्पताल प्रबंधन ने यह निर्णय लिया है। शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस, शनिवार को जन्माष्टमी और रविवार को साप्ताहिक अवकाश है। ऐसे में ईएसआईसी अस्पताल ने दो दिन की छुट्टी रखी है। रविवार को अस्पताल खुला रहेगा। हड्डी विभाग के ऑपरेशन शनिवार को नहीं होंगे। अगले दिन इस चिकित्सकीय विभाग के सभी ऑपरेशन होंगे। जिला अस्पताल की ओपीडी 11 बजे तक होगी नोएडा। जिला अस्पताल में शुक्रवार और शनिवार को ओपीडी सुबह 11 बजे तक होगी ।आपातकालीन और भर्ती आदि सुविधाएं भी मिलेंगी। रविवार को अस्पताल में ओपीडी नहीं होगी।

## पश्चिम क्षेत्र की बैठक में 19 जिलों के नेता शामिल

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के रेड कारपेट होटल में भाजपा पश्चिम क्षेत्र की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि राष्ट्रहित और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा का भाव पहुंचाना है। गलगोटिया कॉलेज मेट्रो स्टेशन पर जिला और मंडल इकाई के कार्यकर्ताओं ने धर्मपाल सिंह का स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर सहभागिता सुनिश्चित करने और पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में आगामी चुनावों की तैयारियों पर चर्चा हुई। बूथ समितियों को अधिक सक्रिय करने का निर्णय लिया गया। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर नागरिक तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई। बैठक में बुलंदशहर, गाजियाबाद महानगर, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, नोएडा महानगर, मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर, बिजनौर समेत 19 जिलों के प्रभारी और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी की तैयारियां

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के राजनगर स्थित इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी की तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर प्रशासन ने इस वर्ष विशेष सजावट की योजना बनाई है। गर्भगृह को विदेश से मंगाए गए सफेद ऑर्किड से सजाया जाएगा। अन्य स्थानों के लिए कोलकाता से गेंदे के फूल मंगाए गए हैं। कुल मिलाकर 2 टन फूलों का उपयोग किया जाएगा। सजावट वृंदावन के बांके बिहारी और राधारमण मंदिर की फूल बंगला परंपरा पर आधारित होगी। इसके लिए वृंदावन से विशेष कलाकारों को बुलाया गया है। भगवान की पोशाक भी वृंदावन से मंगवाई गई है। पिछले 25 वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहे इस मंदिर में पिछले वर्ष 3 लाख 30 हजार श्रद्धालु आए थे। इस वर्ष इससे भी अधिक भीड़ की संभावना है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए 100 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। जन्माष्टमी पर सुबह से ही अभिषेक शुरू होगा। मुख्य अभिषेक रात 11 बजे से मध्यरात्रि के बाद तक चलेगा। जो श्रद्धालु मंदिर नहीं आ सकते, उनके लिए ऑनलाइन पूजा की व्यवस्था की गई है। भक्त अपने परिवार या पूर्वजों के नाम से पूजा करवा सकते हैं और डिजिटल प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर गाजियाबाद में अलर्ट

**गाजियाबाद।** स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को देखते हुए गाजियाबाद में अलर्ट किया गया है। पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने सभी डीसीपी और एसीपी को कड़े निर्देश दिए हैं कि लगातार चेकिंग करें। बार्डर वाले क्षेत्रों में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जाए। रात में पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने गाड़ी से पूरे शहर व दिल्ली बार्डर तक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष पाटील व एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवासतव द्वारा शापिंग मॉल में डॉग स्कायड व बम निरोधक दस्ते के साथ चेकिंग की गई। साथ ही यहां कर्मचारी और मैनेजर से भी पुलिस ने सुरक्षा सम्बन्धी बातचीत की। सहायक पुलिस आयुक्त साहिबाबाद द्वारा सीमा बार्डर पर व सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन द्वारा दिल्ली बार्डर पर चेकिंग की गई। जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे। वहीं अलग अलग स्थानों पर जागरुकता के उद्देश्य से भीड़भाड़ वाले स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं की चेकिंग का सघन अभियान चलाकर सुरक्षा व्यवस्था परखी। स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को देखते हुए एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने शहर में बस अड्डो और रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। साथ ही ड्यूटी प्वाइंटों पर पुलिस की ड्यूटी भी चैक की। जिसमें अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि अनावश्यक रुप से किसी को परेशान न करें।

# झांसी रेंज के जनपदों को मिलेगें कई पदक

**सभी देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें एवं बधाई : डीआईजी झाँसी**



**ललितपुर।** झांसी रेंज पुलिस के सभी अधि0/कर्मचारीगण को उनके उल्लेखनीय व सराहनीय सेवाओं व उत्कृष्ट कार्य करने पर पदक प्राप्त करने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सराहनीय एवं प्रसंशनीय कार्य हेतु किया गया प्रोत्साहित 79वें स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त 2025 के शुभ अवसर पर रेंज के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को उनकी वीरता और अदम्य साहस, उल्लेखनीय व सराहनीय सेवाओं व उत्कृष्ट कार्य करने पर भारत के राष्टपति द्वारा प्रदत्त सराहनीय सेवा पुलिस पदक पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा सेवा अभिलेख एवं शौर्य के आधार पर उत्साहवर्धन हेतु उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह एवं पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह (प्लेटिनम एवं सिल्वर) प्रदान किये गये हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी द्वारा अधीनस्थ पदक/प्रशंसा चिन्ह/प्रशस्ति पत्र पाने वाले अधिकारी/कर्मचारीगण को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को हार्दिक शुभकामनायें दी गयी एवं भविष्य में भी इसी प्रकार सराहनीय एवं प्रसंशनीय कार्य किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। महामहिम राष्टपति द्वारा प्रदत्त सराहनीय सेवा पुलिस पदक प्राप्त करने वाले अधि0/कर्मचारीगण की सूची, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी रामवीर सिंह, उपनिरीक्षक ना0पु0 जनपद झाँसी। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा ऑपरेशनल कार्य हेतु प्रदत्त प्रशंसा चिन्ह प्राप्त करने वाले अधि0/कर्मचारीगण की सूची, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी बीबीजीटीएस मूर्ति, आई0पी0एस0 वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद झॉसी प्लैटिनम दिनेश कुमार कुरील निरीक्षक ना0पु0 जनपद झाँसी, सिल्वर विवेकराज मिश्र, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-क्ष जनपद ललितपुर सिल्वर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा प्रदत्त उत्कृष्ट/सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्राप्त करने वाले अधि0/कर्मचारीगण की सूची, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी राजेश कुमार, उपनिरीक्षक ना0पु0 जनपद ललितपुर (उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह) अखिलेश कुमार द्विवेदी, निरीक्षक ना0पु0 जनपद झॉसी (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) अशोक कुमार यादव, उपनिरीक्षक ना0पु0 जनपद ललितपुर (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) मिलेंगे।

# आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले को पुलिस ने दबोचा



**ललितपुर।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के एक आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पूराकलां पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 141/25 धारा 352/351(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्त देवराजा चौहान उर्फ धर्मू उर्फ धर्मेन्द्र राजा पुत्र अवतार सिहं उम्र करीब 33 वर्ष नि0 ग्राम हंसगुवा थाना पूराकला को नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त देवराजा उपरोक्त के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। अभियुक्त देवराजा उर्फ धर्मू चौहान पुत्र अवतार सिहं नि0 ग्राम हंसगुवा थाना पूराकला द्वारा सोशल नेटवर्किंग प्लेटफार्म के माध्यम से कुशवाहा समाज के लिये अभ्रद भाषा का प्रयोग कर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के संबंध में थाना पूराकलां पर वादी मुकदमा द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया है। सूचना पर थाना पूराकला पर सुंसगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया है।

## शार्ट न्यूज

### संगीतमयी श्री कृष्ण लीला का आयोजन, आयोजक मण्डल की तरफ से तैयारियां पूरी

**पूनम तिवारी विशाल इण्डिया**




**अंबेडकर नगर।** जनपद के अहिरौली थाना अंतर्गत ग्राम सभा समसुद्दीनपुर के मजरे भीखीपुर में विगत वर्षों की भांति श्री नवयुवक कार्यकारिणी रासलीला समिति के तत्वाधान इस वर्ष भी संगीतमयी श्री कृष्ण रासलीला का आयोजन 15 अगस्त से किया जा रहा है। इस संबंध में समिति के संयोजक सुधांशु प्रजापति ने बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय संगीतमयी श्री कृष्ण रासलीला का मंचन विगत 25 वर्षों से किया जा रहा है जिसमें अधिकांश बाल कलाकार रासलीला का मंचन करते हैं। जिससे कार्यक्रम अति मनमोहक हो जाता है। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए कहा की 15 अगस्त को कंस का अत्याचार, देवकी विवाह,वासुदेव देव को करावास तथा 16 अगस्त को कृष्णजन्म,पूतना वध, अधवक वध,राधा कृष्ण का मिलन एवं 17 अगस्त को कालिया वध,माखन चोरी,गोवर्धन पर्वत, कंस वध तक के लीलाओं का संगीतमयी मंचन किया जाएगा।

### हत्या के मामले में उम्रकैद, 20 हजार का जुर्माना

**ललितपुर।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में जनपद में चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में अभियुक्त पप्पू सेन पुत्र लालचन्द्र उर्फ लालती उर्फ ललन्जू नि0 ग्राम विरधा कोतवाली व जनपद ललितपुर हाल पता मुहल्ला चौकाबाग थाना कोतवाली जनपद ललितपुर के विरूद्ध थाना कोतवाली में मु0अ0सं0 523/20 धारा 302 आईपीसी का अभियोग पंजीकृत हुआ था।जिसमें वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर अभियुक्त पप्पू सेन उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था। उपरोक्त प्रकरण की निरन्तर प्रभावी पैरवी करवायी गयी जिसमें थाना कोतवाली पुलिस, कोर्ट पैरोकार व अभियोजन पक्ष के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी करते हुए दिनांक 14.08.2025 को मा0 न्यायालय एडीजे प्रथम, ललितपुर द्वारा अभियुक्त पप्पू सेन उपरोक्त को दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा व 20 हजार रूपये धनराशि के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### लखनऊ में विलय वाले 42 स्कूल बने बाल वाटिका

**लखनऊ।** लखनऊ में नगर और ग्रामीण क्षेत्र में विलय किए गए 42 प्राइमरी स्कूलों को बाल वाटिका में तब्दील कर दिया गया है। इनमें स्वतंत्रता दिवस पर शुक्रवार को झण्डारोहण करेंगे। साथ ही विशेष उत्सव मनाया जाएगा। बाल विकास पुष्टाहार विभाग की ओर से नृत्य, गायन, नाटक और चित्रकला जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आंगनबाड़ी केन्द्रों के तीन से छह वर्ष के बच्चे और अभिभावक शामिल होंगे। स्थानीय जन प्रतिनिधि, ग्रामीण और स्कूल प्रबंधन समिति का सहयोग ले सकते हैं। बीएसए ने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को इस सम्बन्ध में निर्देश जारी किए हैं। बीएसए राम प्रवेश ने बताया- 50 से कम छात्र संख्या वाले विलय किए गए 42 प्राइमरी स्कूलों में बाल वाटिका का संचालन किया जाएगा। स्कूल परिसर और बाल वाटिका कक्षाओं में सजावट, लर्निंग कॉनर, स्टेशनरी, फोम मैट आदि की व्यवस्था करायी जाएगी। प्रधानाध्यापक और शिक्षक स्कूल को फूल पत्तियों, गुब्बारा व रंगोली आदि से सजाएंगे। बीईओ, बाल विकास परियोजना अधिकारी और शिक्षक उत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रमों को सोशल मीडिया पर अपलोड करेंगे।

### फतेहपुर में मामूली विवाद में युवक की हत्या

**फतेहपुर।** फतेहपुर के धाता थाना क्षेत्र के अढौली बाजार में बुधवार शाम को कौशांबी जिले के लौधना गांव निवासी मंजीत सरोज की हत्या कर दी गई। मंजीत अपने गांव के साथी अशोक के साथ सब्जी और मछली खरीदने बाजार आया था। गुटखा खरीदने के दौरान अढौली गांव के नीरज उर्फ शीतल और उसके दो साथियों से विवाद हो गया। आरोपियों ने मंजीत को मुक्कों और ईंट से पीटा। घायल मंजीत को आरोपी एक निजी क्लीनिक ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने धाता-हेनौता मार्ग पर जाम लगा दिया। उपजिलाधिकारी अभिनीत कुमार और क्षेत्राधिकारी बृजमोहन राय के आश्वासन पर जाम हटा। मंजीत लुधियाना में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। वह रक्षाबंधन पर घर आया था। मृतक के पिता जंग बहादुर आंखों से दिव्यांग हैं। मंजीत अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसके दो छोटे भाई रंजीत और शिवांस हैं। चार बहनें लक्ष्मी, मीरा, सीमा और सुनीता हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है।

### बिजनौर में कांग्रेस का मशाल जुलूस रोका

**बिजनौर।** बिजनौर में कांग्रेस पार्टी द्वारा वोट चोरी के मुद्दे पर आयोजित मशाल जुलूस को पुलिस ने रोक दिया। जिला अध्यक्ष हेनरीता के नेतृत्व में कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय में एकत्र हुए थे। कार्यकर्ता जैसे ही मशाल और मोमबत्तियां लेकर कार्यालय से बाहर निकलने लगे, पुलिस ने उन्हें रोक दिया। पुलिस ने कार्यालय के गेट पर अपनी गाड़ी लगाकर सभी कार्यकर्ताओं को अंदर ही बंद कर दिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कार्यकर्ता लगातार नारेबाजी करते हुए बाहर निकलने का प्रयास करते रहे। पुलिस ने कार्यालय के बाहर भारी संख्या में बल तैनात कर दिया। जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने वोट चोरी के स्पष्ट सबूत दिए थे। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी इसमें शामिल होने का आरोप लगाया था। हेनरीता ने बताया कि प्रदेश पार्टी नेतृत्व के आह्वान पर जनता को वोट चोरी के बारे में जागरूक करने के लिए शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकालना चाहते थे। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कार्यालय में नजरबंद किया गया है। पहले भी कई बार मार्च निकाले गए थे, लेकिन ऐसी स्थिति कभी नहीं बनी थी।

### मछली पकड़ने गए अधेड़ की डूबकर मौत

**वजीरगंज (गोंडा)।** गोंडा में मछली पकड़ने गए अधेड़ की डूबने से मौत हो गई। वह बुधवार की रात वे अपने साथियों के साथ नदी पर मछली का पकड़ने गए थे, जहां अचानक लापता हो गए। यह पूरा मामला वजीरगंज थाना क्षेत्र के नौबस्ता स्थित टेढ़ी नदी के धोबी घाट का है। मृतक की पहचान भगोहर गांव के जमादार पुरवा निवासी 49 वर्षीय चंद्रभान सिंह राना के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर 30वीं वाहिनी पीएसी की बाढ़ राहत दल मौके पर पहुंची और गुरुवार की शाम करीब 7 बजे घटनास्थल से लगभग 100 मीटर दूर उनका शव बरामद किया गया। मृतक के साथ गांव के बलराम सिंह, अनिल सिंह, शनि, दिवाकर, विकास और सूरज भी मौजूद थे। चंद्रभान के लापता होने की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बचाव कार्य में पीएसी के मुख्य आरक्षी संजीव कुमार सिंह समेत अन्य लोग शामिल रहे। वहीं थाने के मुख्य आरक्षी अतुल कुमार सिंह समेत अन्य मौके पर मौजूद रहे। वहीं, प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि मृतक के परिवार में पत्नी गोदा देवी, दो बेटे विमल सिंह और कमल सिंह व दो बेटियां जूली और सोनी हैं। सबसे छोटी बेटी सोनी की शादी अभी नहीं हुई है।

## आरसेटी में 10 दिवसीय दिव्यांगजनो हेतु उद्यमिता विकास कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ...

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**



**सीतापुर।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) सीतापुर मे दिव्यांगजनों हेतु 10 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राजकुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राजकुमार ने कहा कि दिव्यांगजनों को स्वावलंबन एवं उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के विकास के लिये प्रोत्साहित करने का उद्देश्य इस उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का है, इसके तहत दिव्यांगजनों को स्वरोजगार एवं लघु उद्योग स्थापना के लिये आवश्यक जानकारी, प्रबंधन ज्ञान तथा वित्तीय साक्षरता प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर संस्थान निदेशक अंकुश वर्मा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि आप सब सरकार द्वारा चलायी जा रही प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से ऋण प्राप्त कर स्वयं का रोजगार स्थापित करके अन्य लोगो को भी रोजगार प्रदान करने का भी कार्य कर सकते है तथा सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# सौहार्द की अलख जगा रहे मौलाना अब्दुल हमीद

## कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर पेश की आपसी भाईचारे की मिसाल



**पीलीभीत।** धर्म और मानवता के बीच संतुलन स्थापित करते हुए जनपद पीलीभीत के प्रसिद्ध इस्लामिक विद्वान और समाजसेवी मौलाना अब्दुल हमीद ने सावन माह, कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर एक अद्वितीय संदेश दिया है। हिंदी मासिक पत्रिका सस्पेंस क्राइम के जिला संवाददाता विनय यादव से विशेष वार्ता में उन्होंने गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी भाईचारे, सहिष्णुता और शांति को भारत की सबसे बड़ी ताकत बताया। मौलाना हमीद का मानना है कि त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में प्रेम और एकता का उत्सव हैं। उन्होंने कहा— हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह दूसरे के धर्म और भावनाओं का सम्मान करे। यही सच्ची देशभक्ति है। सावन माह में निकलने वाली पवित्र कांवड़ यात्रा को लेकर मौलाना अब्दुल हमीद ने मुस्लिम समाज से विशेष अनुरोध किया—मार्ग में सहायता प्रदान करें और पुष्प वर्षा से उनका अभिनंदन करें। यात्रा मार्ग पर स्थित मीट की दुकानें स्वेच्छा से बंद रखें, ताकि किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे। मौलाना ने स्पष्ट किया। इस्लाम में मीट खाना हलाल है, पर अनिवार्य नहीं। सामाजिक सौहार्द के लिए थोड़ी असुविधा भी पुण्य का कार्य है। साथ ही उन्होंने हिंदू समाज से भी अपील की कि यात्रा के दौरान कोई भड़काऊ नारे न लगाएं और पूरी यात्रा शांति व अनुशासन के साथ संपन्न हो। उन्होंने भारत को मजहबों का गुलदस्ता बताते हुए कहा कि इसकी खुशबू तभी बनी रहेगी जब सभी इसे मिलकर महकाएंगे। मोहर्रम और ताजिए के जुलूस को लेकर सुझाव

आगामी मोहर्रम को लेकर मौलाना हमीद ने संतुलित और व्यावहारिक सुझाव दिए— ताजिए की ऊंचाई सीमित रखी जाए, ताकि बिजली की लाइनों और पेड़ों को नुकसान न हो। जुलूस केवल परंपरागत मार्गों से ही निकाले जाएं। नई परंपराओं की शुरुआत से बचा जाए। प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अनुशासन बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा— धार्मिक आयोजन तभी सफल होते हैं जब उनमें संवेदनशीलता, अनुशासन और परस्पर सहयोग की भावना हो। समाजसेवा में अग्रणी मौलाना अब्दुल हमीद केवल धर्मगुरु ही नहीं, बल्कि एक समर्पित समाजसेवी भी हैं। होली, दिवाली, ईद, रमजान, मुहर्रम जैसे अवसरों पर वे गरीब और जरूरतमंदों को राशन, वस्त्र, फल, मिठाई और नकद सहायता प्रदान करते हैं। उनकी सेवा भावना ने उन्हें पीलीभीत ही नहीं, बल्कि देशभर में अलग पहचान दिलाई है।

मौलाना अब्दुल हमीद के विचार और पहल भारत की साझा संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के लिए प्रेरक हैं। ऐसे व्यक्तित्व समाज में धार्मिक संतुलन, सामाजिक समरसता और मानवीय सेवा के मजबूत स्तंभ होते हैं। सच यही है— जब तक हम एक-दूसरे के धर्म और भावनाओं का सम्मान नहीं करेंगे, तब तक कोई भी धर्म अपने उद्देश्य को पूर्ण नहीं कर सकता।

# बारिश में निकली और मौसम साफ होते ही गांवों में पहुंची बाघ एक्सप्रेस

### नुक्कड़ नाटक कर लोगों को बताया मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व के बारे में



पीलीभीत। आज मानव और वन्यजीवों के सहअस्तित्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाई जा रही बाघ एक्सप्रेस जागरूकता अभियान के तहत आज यह अभियान जमुनिया खास, डाकिया, और भैरव कला में पहुंचा।

लोगों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया, पीलीभीत टाइगर रिजर्व और एम3एम फाउंडेशन के सहयोग से चलाए जा रहे इस कार्यक्रम की सराहना की कार्यक्रम में लगभग 700 लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक और संवाद सत्रों के माध्यम से स्थानीय लोगों को वन्यजीव संरक्षण और उनके साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन बाघ मित्र राजीव कुमार के द्वारा किया गया कार्यक्रम भैरो कला के ग्राम प्रधान राम प्रताप मौजूद रहे, भैरो कला के लोगो काफी बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया,बाघ मित्रों का सहयोग बहुत ही सराहनीय रहा, बाघ मित्र सुनील कुमार, राम कुमार,मथुरा प्रसाद, देवेंद्र कुमार, रवि सरोज , दानू लाल जमुना प्रसाद शर्मा ,इंद्रजीत और पीलीभीत टाइगर रिजर्व से प्रदीप कुमार, सुरेश, प्रभात शर्मा , हरिशंकर अजयवीर, प्रहलाद सिंह,नत्थू लाल वर्मा और सामाजिक वानिकी पूरनपुर रेंजर,कन्हैया, हर्षित मिश्रा, सुरेश ,निपेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

इस पहल के तहत कलाकारों ने रोचक और शिक्षाप्रद नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए, जिनमें वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों की रक्षा, मानवीय गतिविधियों के कारण बढ़ते खतरे और बाघों सहित अन्य वन्यजीवों के संरक्षण की जरूरत पर प्रकाश डाला गया। स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की और किसानों, महिलाओं बच्चों और युवाओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर श्री मनीष सिंह ने बताया कि बाघ एक्सप्रेस का उद्देश्य केवल जागरूकता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि लोगों को वन्यजीवों के साथ सुरक्षित और सकारात्मक संबंध बनाने के लिए प्रेरित करना भी है।

## यातायात नियमों के उल्लंघन में 83 वाहनों का चालान



**ललितपुर।** यातायात पुलिस ने सुरक्षित यातायात और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चौराहों/तिराहों पर बिना नंबर प्लेट/फॉल्टी नंबर प्लेट, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट क्षमता से अधिक सवारियां दो पहिया वाहन पर तीन सवारी के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा बिना नंबर प्लेट/फाल्टी नंबर प्लेट,बिना हेलमेट, क्षमता से अधिक सवारी, बिना सीट बेल्ट के खिलाफ अभियान चलाया गया और आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया यथा- दो पहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सावरी अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, सीट बेल्ट अवश्य बांधे, मोडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं, लेन ड्राइविंग का पालन करें।

# झांसी में महिला ने 2 लुटेरों को दौड़ाकर पकड़ा

**झांसी।** झांसी में बाइक सवार 3 लुटेरों ने महिला के गले में झपट्टा मारकर चेन लूट ली। महिला ने दौड़कर 2 बदमाशों के बाल पकड़ लिए। बाल खींचकर दोनों को सड़क पर गिरा दिया। महिला एक बदमाश को पीटने लगी, तभी दूसरे ने उस पर तमंचा तान दिया। धमकी दी- मेरे साथी को छोड़ दो, वरना गोली मार दूंगा। लेकिन, महिला डरी नहीं। उसने बदमाश से तमंचा छीन लिया और थप्पड़ जड़ दिए।

तब तक मौके पर महिला के पिता और अन्य गांववाले आ गए। इस बीच तीसरा बदमाश बाइक लेकर मौके से फरार हो गया।

गांववालों ने फोन कर पुलिस को बुला लिया। इस दौरान एक बदमाश महिला से हाथ जोड़कर माफी मांगने लगा। लेकिन, महिला ने उसे डांट दिया। पुलिस ने दोनों बदमाशों को अरेस्ट कर लिया है। उनके पास से एक तमंचा भी बरामद किया है। मामला मऊरानीपुर थाना क्षेत्र के ढकरवारा गांव का है।

मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिले के पलेरा थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव में रहने वाले हरिकिशन कुशवाहा किसान हैं। 13 अगस्त (बुधवार) की दोपहर वह अपनी पत्नी सहुदरा और बेटी रोशनी को बाइक से लेकर बौडा से गांव लौट रहे थे।

हरिकिशन ने बताया- हम लोग मथुपुरा ढकरवारा नहर के पास पहुंचे। यहां पर एक बाइक लेकर 3 लोग पहले से खड़े थे। तीनों युवकों ने हमारी बाइक रोक ली। इसके बाद रोशनी के गले पर झपट्टा मारकर चेन लूट ली। इससे हम सभी लोग जमीन पर गिर गए।

इसी बीच बेटी रोशनी जमीन से उठी और भाग रहे बदमाशों के पीछे भागने लगी।

उसने 2 बदमाशों के बाल पकड़ लिए और जमीन पर गिरा दिया। इस पर एक बदमाश से बेटी की हाथापाई शुरू हो गई। तभी दूसरे बदमाश ने बेटी पर तमंचा तान दिया और गोली मारने की धमकी दी।

इस बीच दोनों बदमाश बेटी के चंगुल से छूट कर भागने लगे। हम लोगों ने शोर मचाया, तो खेतों में काम कर रहे गांववाले भी आ गए। फिर गांववालों ने घेर कर दोनों बदमाशों को पकड़ लिया, जबकि तीसरा बदमाश बाइक लेकर भाग गया।

# मोबाइल की दुकान में हुई चोरी की घटना का अनावरण, चार शातिर अपराधी गिरफ्तार





**विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा**

सीतापुर। एसपी अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण एवम् संलिप्त आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये है जिस क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवम् क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चोरी जैसी घटनाओं के संबंध में पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 202/25 धारा 331(4)/305(ए)/317(2) बीएनएस में प्रकाश में आये चार शातिर जैद पुत्र जुम्मा निवासी रासिद गेट निठौरा रोड़ अमन गार्डन थाना लोनी जनपद गाजियाबाद ,शाहरुख खान पुत्र फजील अहमद निवासी बेहटा हाजीपुर थाना लोनी जनपद गाजियाबाद.राजू शुक्ला पुत्र धर्मेश कुमार शुक्ला निवासी ग्राम लोनियनपुरवा थाना कोतवाली नगर सीतापुर,मो0 सलमान उर्फ शुब्बी पुत्र मो0 असलम निवासी ग्राम मुस्तफाबाद थाना लोनी जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनसे 73 एण्ड्रोइड मोबाइल फोन ( SAMSUNG- 38 , REALME-32 , OPPO -01, MOTOROLA-01 , IPHONE 16-01) बरामद हुए है। जो दिनांक 15/16.07.2025 की रात्रि में विनोद राठौर पुत्र श्याम किशोर राठौर निवासी ग्राम दुर्गापुरवा थाना कोतवाली नगर सीतापुर की दुकान मोहल्ला शास्त्रीनगर मोड़ से चोरी हुए थे।

अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि शाहरुख व सलमान कुछ दिन पहले सीतापुर में केशव ग्रीन सिटी में घर -घर गैस कनेक्शन के तहत कार्य करते थे उसके माध्यम से लोनियनपुरवा निवासी राजू शुक्ला उनके सम्पर्क में आये जिससे इन लोगों का आपस में परिचय हो गया था। अभियुक्तों का एक बड़ा संगठित गिरोह है जो शहरों में जाकर पहले रेकी करते है। उसके बाद नकब लगाकर चोरी करते है। घटना कारित के करने पश्चात चोरी हुए मोबाइल फोन को क्रमश: एक व्यक्ति से दूसरे व दूसरे से तीसरे व्यक्ति को बेच देते है।

अभियुक्तों द्वारा कुछ मोबाइलों को बेच दिया गया है। पुलिस द्वारा शेष मोबाईल बरामद किये जा चुके हैं। बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) की बढोत्तरी करते हुए गिरफ्तार अभि0गण उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया है।

# शुभमन गिल या यशस्वी जायसवाल: एशिया कप टीम में किसे मिलेगी जगह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नवनियुक्त टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड दौरे के दौरान 754 रन बनाकर बल्लेबाजी रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया। इस दौरे में उन्होंने 5 मैचों में चार शतक लगाए और %प्लेयर ऑफ द सीरीज़% का खिताब जीता। वनडे में पहले से ही एक मजबूत खिलाड़ी गिल ने 55 वनडे मैचों में 2,775 रन और 22 अर्धशतक जड़े। शुभमन गिल को 9 सितंबर से शुरू होने वाले आगामी टी20 एशिया कप में खिलाने का प्रलोभन दिया जा रहा है।

भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ मैच से करेगा। मीडिया में ऐसी खबरें हैं कि गिल टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी कर सकते हैं, और संभवतः उप-कप्तान संभाल सकते हैं। मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद, उन्हें वनडे टीम की कमान मिल सकती है। सवाल यह है कि क्या गिल भारत की टी20आई योजनाओं में फिट बैठते हैं? उनका सबसे हालिया टी20 मैच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में था, जहां उन्होंने लगभग 156 के स्ट्राइक रेट से 15 मैचों में छह अर्द्धशतकों के साथ 650 रन बनाए और चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में उभरे। उन्हें उन चेहरों में से एक के रूप में भी पहचाना जाता है जो आने वाले दशक में भारत के लिए सभी प्रारूपों के क्रिकेट पर हावी हो सकते हैं।

चयन प्रक्रिया अभी भी जटिल है, क्योंकि पिछली बार जब भारत ने एक पूर्ण टी20आई टीम खेली थी, तब रोहित शर्मा और विराट कोहली टी20 विश्व कप 2024 में अभी भी मौजूद थे और गिल मुख्य 15 खिलाड़ियों के अलावा एक यात्रा रिजर्व के रूप में थे। तब से शेड्यूलिंग और चोटों ने टी20आई में भारत के चयन को प्रभावित किया है। उन्होंने वर्ष 2024 का अंत आठ टी20आई में 38.00 की औसत, 133 की स्ट्राइक रेट और जिम्बाब्वे श्रृंखला में दो अर्द्धशतकों के साथ 266 रन बनाकर किया, जिससे उनके कुल आंकड़े 21 मैचों और पारियों में 30.42 की औसत से 578 रन हो गए जिसमें 139 से अधिक की स्ट्राइक रेट, एक शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं, जबकि उनके टी20आई करियर की शुरुआत में स्कोर की एक असंगत श्रृंखला थी।

गिल को जुलाई में टी20आई श्रृंखला के लिए सूर्यकुमार यादव के उप-कप्तान के रूप में नियुक्त किया गया था और चूंकि टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता दी गई, इसलिए गिल को टी20आई के लिए नहीं चुना गया। संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा भारत के नए शीर्ष तीन के रूप में उभरे। गिल अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ टी20आई, नवंबर में दक्षिण अफ्रीका में टी20आई और इस साल जनवरी में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी20आई से चूक गए। जनवरी में होने वाले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के निराशाजनक प्रदर्शन के तुरंत बाद आयोजित किए गए थे और मार्च में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी इस युवा खिलाड़ी के लिए प्राथमिकता थी क्योंकि उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चुना गया था और ऑलराउंडर अक्षर पटेल को इस पूरे टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए उप-कप्तान बनाया गया था।

कार्यक्रम अभी भी बेहद कठिन है क्योंकि 28 सितंबर को एशिया कप फाइनल के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज 2 अक्टूबर से शुरू होगी। चयनकर्ताओं को अगले साल घरेलू और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप को बरकरार रखने के इरादे से एशिया कप के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुननी होगी। टी20 विश्व कप जीत के बाद से भारत द्विपक्षीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर रहा है और उसने ऐसी 20 में से 17 सीरीज जीती हैं।

गिल की अनुपस्थिति में अभिषेक ने इंग्लैंड के खिलाफ 279 रनों की सीरीज (220 के औसत से) खेलकर अपनी जगह पक्की कर ली, जिसमें वानखेड़े में 54 गेंदों में 135 रनों की तूफानी पारी भी शामिल है। हालांकि संजू के स्कोर कम रहे, लेकिन उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू और दक्षिण अफ्रीका में हुई सीरीज की 5 पारियों में तीन शतक जड़े थे। पिछला टी20 विश्व कप जीत के बाद से सभी शीर्ष क्रम विकल्पों में, अभिषेक अपने स्ट्रोकप्ले और स्ट्राइक रेट को देखते हुए शीर्ष स्कोरर और सबसे आकर्षक खिलाड़ी रहे हैं। भारत/आईपीएल/घरेलू मुकाबलों में 42 मैचों में उन्होंने 40 पारियों में 34.94 की औसत से 1,363 रन बनाए हैं, जिसमें 198 से ज्यादा का स्ट्राइक रेट, 4 शतक और छह अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 141 है।



पिछले टी20 विश्व कप के बाद से तिलक ने 36 मैचों और 32 पारियों में 50.00 की औसत से 1,200 रन बनाए हैं जिसमें 153.84 का स्ट्राइक रेट, तीन शतक और 5 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 151 है। इनमें से दो शतक पिछले साल दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान आए थे। सैमसन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया और अभिषेक के साथ भारतीय टीम के लिए सलामी बल्लेबाज के रूप में नया जीवन पाया। पिछले टी20 विश्व कप के बाद से उन्होंने 31 टी20 मैचों और 30 पारियों में 33.62 की औसत और 157.09 के स्ट्राइक रेट से 908 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं।

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सभी टी20 मैचों में 36.90 की औसत और 161.13 के स्ट्राइक रेट और 8 अर्द्धशतकों के साथ 1,107 रन बनाए हैं। टी20 विश्व कप जीत के बाद उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 75 रन है। हालांकि उनके अंतरराष्ट्रीय फॉर्म में भारी गिरावट देखी गई। पिछले साल के टी20 विश्व कप के बाद से गिल ने 22 मैचों में 47.00 की औसत और 147 से अधिक के स्ट्राइक रेट और आठ अर्द्धशतकों के साथ 893 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 93* है।

# विश्व कप पर नजरें, ग्लेन मैक्सवेल अपनी गेंदबाजी में कर रहे सुधार



**केर्न्स (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के करिश्माई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अगले साल भारतीय उपमहाद्वीप में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए पावरप्ले के ओवरों में अधिक प्रभाव छोड़ने के लिए अपने स्पिन गेंदबाजी कौशल को निखार रहे हैं।

टी20 विश्व कप 2026 में भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा और अगर मैक्सवेल फिट रहते हैं तो उनका ऑस्ट्रेलिया की टीम में जगह बनाना तय है। वह नियमित रूप से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलते रहे हैं और भारतीय उपमहाद्वीप की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं।

मैक्सवेल ने अपनी गेंदबाजी क्षमता के बावजूद 2022 के टी20 विश्व कप और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही घरेलू श्रृंखला के बीच सबसे छोटे प्रारूप में पावर प्ले में कुल मिलाकर 5 ओवर फेंके हैं। लेकिन इस 36 वर्षीय खिलाड़ी का मानना है कि वह टी20 विश्व कप के दौरान पावरप्ले ओवरों में उपयोगी साबित हो सकते हैं, क्योंकि नई गेंद उपमहाद्वीप के विकेटों पर बेहतर पकड़ बनाती है।

मैक्सवेल ने कहा, 'मुझे लगता है कि उपमहाद्वीप में आप शुरुआत में स्पिनर के तौर पर विकेट से थोड़ा अधिक लाभ उठा सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे विकेट लेना बहुत पसंद है। जब भी मैं किसी को आउट करता हूं तो मुझे हैरानी होती है। मैं पावरप्ले में अपनी भूमिका निभाना चाहता हूं और इसमें अधिक बेहतर तरीके से गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहा हूं।'

# वेस्टइंडीज के खिलाफ पाकिस्तान 92 रन पर ऑल आउट, शोएब अख्तर ने हेड कोच को लिया आड़े हाथ

**स्पोर्ट्स डेस्क।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज हारने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम और नवनियुक्त हेड कोच माइक हेसन पर तीखा हमला बोला। हालांकि पाकिस्तान पहला वनडे जीतने में कामयाब रहा और दूसरा मैच भी अच्छा रहा, लेकिन तीसरे वनडे में टीम पूरी तरह से बिखर गई। 295 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की पूरी टीम 92 रनों पर ढेर हो गई। अख्तर ने कहा कि गेंदबाजी के अनुकूल परिस्थितियों में पाकिस्तानी बल्लेबाज अच्छा खेलने के लिए तैयार नहीं हैं। क्रिकेट पाकिस्तान के हवाले से अख्तर ने मैच के बाद कहा, %माइक हेसन एक अच्छे टी20 कोच हैं, लेकिन मुझे नहीं पता कि उनमें वनडे के लिए क्या गुण हैं। इस प्रारूप में अगर आप अच्छे खिलाड़ी नहीं खिलाएंगे, तो यही होगा।' उन्होंने आगे कहा, 'जब तक आप



स्थापित ऑलराउंडर, बल्लेबाज, गेंदबाज और स्पिनर नहीं उतारेंगे, आपको पूरे 50 ओवर नहीं मिलेंगे। इस प्रारूप में आप मुश्किल से जीत हासिल नहीं कर सकते।' उन्होंने कहा, 'यह खिलाड़ियों की गलती नहीं, बल्कि गलत नीतियों का नतीजा है। सीमिंग पिचों पर आपके खिलाड़ी हमेशा उजागर होते रहेंगे। अब इस पुनर्निर्माण प्रक्रिया को एक नया नाम दिया गया है, एक संयोजन बनाना। शुक्र करो कि पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क यहां नहीं थे। जहां भी ऐसे हालात होंगे, हमारे खिलाड़ी उजागर होंगे।'

# विराट ने अभ्यास सत्र का वीडियो जारी किया, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से वापसी करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के जहां एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने की अटकलें लगायी जा रही हैं और कहा जा रहा है कि उन्हें 2027 विश्वकप के लिए जगह नहीं मिलेगी। वहीं लगता है कि कि विराट अभी संन्यास लेने के मूड में नहीं हैं। हाल ही में विराट ने नेट अभ्यास की तस्वीरें जारी की हैं। जिससे संकेत मिलते हैं कि वह एकदिवसीय प्रारुप पर ध्यान दे रहे हैं। अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के स्थगित होने के बाद अब विराट अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में खेलते दिखेंगे। ये सीरीज विराट के करियर के लिए काफी अहम मानी जा रही है।

कोहली ने इनडोर नेट सत्र की एक तस्वीर जारी की है, जिससे पता चलता है कि चैंपियंस ट्रॉफी में



अपने अंतिम मैच के बाद से ही वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार हैं। साझा की गई एक तस्वीर में कोहली गुजरात टाइटंस के सहायक कोच नईम अमीन के साथ अभयास करते हुए दिखाई दे रहे थे। उन्होंने लिखा, 'हिट में सहायता करने के लिए धन्यवाद, भाई आपको देखकर हमेशा अच्छा लगता है।' बाद में एक प्रशंसक ने इस तस्वीर को दोबारा जारी किया। इसमें कोहली एकदिवसीय सीरीज की तैयारी करते हुए दिखे।

विराट के साथ-साथ ही कप्तान रोहित शर्मा के लिए भी ऑस्ट्रेलिया सीरीज अहम रहेगी। अगर वह इसमें अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये तो उनका भी एकदिवसीय करियर समाप्त होना तय है। टी20 और टेस्ट मैच से संन्यास के कारण अब रोहित एकदिवसीय प्रारुप में ही खेलते हैं। इस बीच ही दिग्गजों की बढ़ती उम्र को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भविष्य की योजनाओं को देखते हुए इनकी जगह पर युवाओं को अवसर देने के पक्ष में है।


# सीएसके के लिए सैमसन को शामिल करना इसलिए हो रहा मुश्किल : उथप्पा

नई दिल्ली । राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के आईपीएल टीम बदलने को लेकर चर्चाएं जारी हैं। कहा जा रहा है कि सैमसन अगले सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स खेल सकते हैं। सीएसके ने हालांकि अभी तक कुछ नहीं कहा है। वहीं राजस्थान रॉयल्स ने भी इस मामले में चुप्पी साध रखी है। इस मामले में पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का माना है कि सैमसन अब रॉयल्स में फिट नहीं हो पा रहे हैं, इसी कारण वह उसे छोड़ना चाहते हैं। सीएसके को लग रहा है कि सैमसन आते हैं तो उसे एक अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज और कप्तान मिल जाएगा जो महेंद्र सिंह धोनी की जगह ले सके। इसके लिए वह राजस्थान रॉयल्स से सौदेबाजी की कोशिश में लगी है। वहीं कहा जा रहा है कि रॉयल्स बदले में सीएसके के दो खिलाड़ी चाहती है। उथप्पा ने यह भी कहा कि सीएसके को आर अश्विन और विजय शंकर को देकर रॉयल्स से सैमसन को लेना चाहिये। सैमसन की कीमत अभी 18 करोड़ रुपये है, इसलिए भी उनके लिए करार करना कठिन हो रहा है। उथप्पा ने कहा कि रॉयल्स युवाओं को आगे बढ़ाती रही है। उसके पास पहले से ही बल्लेबाजी में यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी और रियान पराग जैसी प्रतिभाएं हैं। इसी कारण सैमसन को अब टीम में अपना भविष्य नजर नहीं आता है। इसी वजह से वह किसी अन्य टीम के साथ जुड़ना चाहते हैं। उथप्पा ने कहा कि जायसवाल, सूर्यवंशी और रियान पराग के रहते हुए सैमसन को चौथे नंबर पर ही बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ेगा। वह नहीं चाहते कि बल्लेबाजी क्रम में वह नीचे खिसके क्योंकि वह भारतीय टीम के लिए टी20 में बल्लेबाजी करते हैं।



# सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की सानिया चंडोक से सगाई हुई

मुम्बई। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की सानिया चंडोक से सगाई हुई है। सानिया एक नामी कारोबारी घई परिवार से संबंध रखती हैं और अर्जुन की बचपन की दोस्त हैं। घई परिवार आतिथ्य और खाद्य उद्योग में एक बड़ा नाम है। जो इंटरकॉन्टिनेंटल होटल और लोकप्रिय आइसक्रीम ब्रांड ब्रुकलिन क्रीमरी के मालिक हैं। वहीं सानिया चंडोक मुंबई स्थित मिस्टर पॉज पेट स्पा एंड स्टोर एलएलपी में एक नामित पार्टनर और निदेशक हैं। वह दिग्गज कारोबारी रवि घई की पोती हैं। सानिया और अर्जुन बचपन के दोस्त हैं। उनकी सगाई में दोनों के परिवारों के सदस्य और उनके कुछ करीबी रिश्तेदार और दोस्त भी शामिल थे। इससे पहले अर्जुन और सानिया कई बार एकसाथ नजर आये पर उनके अफेयर की जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई थी। अर्जुन तेंदुलकर बांए हाथ के तेज गेंदबाज और बल्लेबाज हैं। अर्जुन घरेलू क्रिकेट में गोवा की ओर से खेलते हैं। उन्होंने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेला है। उन्होंने अपने घरेलू करियर की शुरुआत मुंबई के साथ साल 2020 और 21 सत्र में की थी, जब उन्होंने हरियाणा के खिलाफ एक टी20 मैच में डेब्यू किया था। इससे पहले, उन्होंने जूनियर स्तर पर मुंबई की ओर से खेला था। इसके बाद वह गोवा चले गये थे। वहां उन्होंने फर्स्ट-क्लास और लिस्ट ए क्रिकेट में डेब्यू किया।



# 'सपना साकार हुआ', तिलक वर्मा ने काउंटी क्रिकेट खेलने के लिए हैम्पशायर का धन्यवाद किया

**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि हैम्पशायर के लिए काउंटी क्रिकेट खेलने के उनके छोटे से कार्यकाल ने उन्हें ऐसे सबक सिखाए हैं जिन्हें वह 'जीवन भर साथ रखेंगे'। वर्मा का सफर शून्य पर आउट होने के साथ समाप्त हुआ, जब हैम्पशायर को वन-डे कप के ग्रुप ए में वॉर्सेस्टरशायर से 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

वर्मा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'बचपन में मैंने काउंटी क्रिकेट खेलने का सपना देखा था। इस साल हैम्पशायर के साथ वह सपना साकार हुआ, यहां मेरे पहले लाल गेंद के अनुभव और एकदिवसीय मैचों ने मुझे ऐसे सबक सिखाए जो मैं जीवन भर साथ रखूंगा, न केवल एक क्रिकेटर के रूप में, बल्कि एक व्यक्ति के रूप में भी। धन्यवाद, हैम्पशायर।'

भारत के लिए दोनों सफेद गेंद प्रारूपों में 29 मैच खेल चुके हैं 22 वर्षीय वर्मा पिछले महीने चार मैचों के काउंटी चैंपियनशिप के लिए हैम्पशायर में शामिल हुए थे। उन्होंने हैम्पशायर के लिए सभी प्रारूपों में 7 मैच खेले, जिनमें 2 शतकों और दो अर्द्धशतकों की मदद से 412 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 112 रहा। उन्होंने अपने तीन लिस्ट ए मैचों में एक विकेट भी लिया। हैम्पशायर ने उसी पोस्ट में यह भी कहा कि वर्मा ने क्लब को उनकी कल्पना से कहीं ज़्यादा दिया। उन्होंने कहा, 'अपने पहले लाल गेंद के शतक से लेकर हैम्पशायर की जर्सी में उन शानदार पारियों तक, उन्होंने दिखा दिया है कि वह क्रिकेट की सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में से एक क्यों हैं। आंकड़ों से परे तिलक के व्यक्तित्व और गर्मजोशी ने यूटिलिटा बाउल में सभी को सचमुच प्रभावित किया है। उन्होंने हैम्पशायर क्रिकेट को खुले दिल से अपनाया है। इस जादू के लिए शुक्रिया, तिलक। एक बार हैम्पशायर का खिलाड़ी, हमेशा परिवार का हिस्सा।' वर्मा 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होने वाली 2025/26 दलीप ट्रॉफी में दक्षिण क्षेत्र का नेतृत्व करेंगे। यह क्षेत्रीय टूर्नामेंट भारत में घरेलू सत्र की शुरुआत का प्रतीक होगा। लेकिन वर्मा को यदि 9 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात में खेले जाने वाले पुरुष टी-20 एशिया कप के लिए भारतीय टीम में चुना जाता है तो वह प्रतियोगिता से बाहर हो सकते हैं।



# भारतीय पैरा-एथलीट खिलाड़ी का मुंह आवारा कुत्ते ने नोचा, रेबीज का इंजेक्शन भी नहीं आया काम, हुई मौत

स्पोर्ट्स डेस्क । भुवनेश्वर में एक पागल कुत्ते के काटने के कारण 33 वर्षीय राष्ट्रीय स्तर के पैरा-एथलीट और एक अन्य व्यक्ति की रेबीज से मौत हो गई। एथलीट जोगेंद्र छत्रिया, 48 वर्षीय किसान ऋषिकेश राणा और स्कूली बच्चों सहित छह लोगों को 23 जुलाई को कुत्ते ने काटा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कुत्ते ने बिना किसी उकसावे के हमला किया। छत्रिया के चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। घायलों में से चार ठीक हो गए, लेकिन छत्रिया और राणा की हालत बिगड़ती गई और उनकी मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने बताया कि दोनों को कुत्ते के काटने के बाद टीके लगाए गए थे, लेकिन छत्रिया के घावों की गंभीरता और स्थान के कारण संक्रमण तेजी से बढ़ा। भीमा भोई मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक ने एक बयान में कहा, 'सभी घायलों को भर्ती होने के बाद टीका लगाया गया था।' जोगेंद्र छत्रिया को 23 जुलाई को पहला टीका लगा। लेकिन कुत्ते ने उनके चेहरे पर काटा था, इसलिए संक्रमण तेजी से फैला। अपनी मृत्यु से पहले दोनों पीड़ितों में रेबीज़ के पूरे लक्षण दिखाई दिए। छत्रिया राष्ट्रीय फ्लोरबॉल प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने और पैरा-एथलेटिक्स में अपनी उपलब्धियों के लिए जाने जाते थे।

# आईसीसी नॉकआउट मैचों में रनों के मामले में पहले दो स्थानों पर हैं विराट और रोहित

नई दिल्ली । भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली का आईसीसी के नॉकआउट मैचों में काफी अच्छा रिकार्ड रहा है हालांकि इसके बाद भी इन दोनो को अगले एकदिवसीय विश्वकप में अवसर मिलने की काफी कम संभावनाएं हैं। विश्व कप 2027 की टीम में भले ही इन दोनो को भले ही जगह न मिले पर इनके योगदान को कम आंकना भूल होगा। नॉकआउट मैचों में रनों की बात करें तो इन दोनो की बराबरी कोई अन्य बल्लेबाज नहीं कर पाया है। विराट और रोहित ने कई बड़े स्कोर आईसीसी के नॉकआउट मुकाबलों में बनाये हैं। रोहित ने दो जबकि विराट कोहली ने एक शतक इस दौरान लगाया है। विराट ने तीन जबकि रोहित ने दो अर्धशतक लगाये हैं। विराट के आईसीसी नॉकआउट मैचों में रनों की संख्या 939 है और रोहित शर्मा ने 780 रन बनाए हैं। कोई भारतीय खिलाड़ी इन दोनो के करीब भी नहीं हैं। नॉकआउट मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सचिन तेंदुलकर तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। वहीं आईसीसी नॉकआउट मैचों में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में विराट 939 और रोहित 780 रनों के बाद तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग हैं। उन्होंने 731 रन बनाए हैं, जबकि चौथे नंबर पर सचिन तेंदुलकर ने 657 रन बनाए हैं। श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा ने 595 रन आईसीसी के नॉकआउट मैचों में लगाये हैं। विराट कोहली के नाम एक वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है, जबकि रोहित शर्मा ने एक वर्ल्ड कप में 5 शतक जड़ने का विश्व रिकॉर्ड बनाया हुआ है।

# दलीप ट्रॉफी में आकाश दीप की जगह मुख्तार हुसैन शामिल

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज आकाश दीप फिट नहीं होने के कारण इसी माह 28 अगस्त से शुरु होने जा रहे दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। ऐसे में आकाशदीप की जगह पर मुख्तार हुसैन को शामिल किया गया है। आकाश दीप घरेलू क्रिकेट में बंगाल की ओर से खेलते हैं। वह हाल ही में हुए इंग्लैंड दौरे में चोटिल हो गये थे और अभी तक फिट नहीं हुए हैं। आकाश दीप ने इंग्लैंड में भारत की ओर से तीन टेस्ट में 13 विकेट लिए हैं। उन्हें पूर्वी क्षेत्र की टीम में शामिल किया गया था पर अब उनकी जगह पर असम के तेज गेंदबाज मुख्तार को टीम में जगह मिली है। मुख्तार ने अब तक 40 प्रथम श्रेणी मैचों में 132 विकेट लिए हैं। साथ ही 61 पारियों में मुख्तार ने 580 रन भी बनाए हैं। मुख्तार 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। वह असम से खेलते हैं। मुख्तार हुसैन असम के लिए तीनों प्रारुपों में खेलते हैं। आकाश के नहीं होने से अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी गेंदबाजी आक्रमण की कमान संभालेंगे। वहीं तेज गेंदबाज मुकेश कुमार उनका साथ देंगे। वहीं एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आकाश दीप ने पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण दलीप ट्रॉफी से बाहर होने का फैसला लिया है। आकाश दीप ने भारतीय टीम की ओर से इंग्लैंड के खिलाफ 23 फरवरी, 2024 को रांची में टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने पहली पारी में तीन विकेट लिए थे. उन्होंने अब तक कुल 10 टेस्ट मैच खेले हैं और 28 बल्लेबाजों को आउट किया है। उनके 28 विकेटों में से 10 अकेले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में आए। इसमें उन्होंने पहली पारी में 4 विकेट और दूसरी पारी में छह विकेट लिए।



दलीप ट्रॉफी 2025 के लिए पूर्वी क्षेत्र की टीम- ईशान किशन (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन (उपकप्तान), संदीप पटनायक, विराट सिंह, डेनिश दास, श्रीराम पॉल, शरनदीप सिंह, कुमार कुशाग्र, रियान पराग, उत्कर्ष सिंह, मनीषी, सूरज सिंधु जायसवाल, मुकेश कुमार, मुख्तार हुसैन, मोहम्मद शमी।

स्टैंडबाय- आशीर्वाद स्वैन, वैभव सूर्यवंशी, स्वस्तिक समल, सुदीप के घरामी, और राहुल सिंह।

# ओलंपिक हॉकी कांस्य पदक विजेता और खेल जगत के दिग्गज वेस पेस का निधन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता = म्यूनिख में 1972 में खेले गए ओलंपिक खेलों के कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य और दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस के पिता डॉ. वेस पेस का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण गुरुवार सुबह यहां निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। वेस पेस पार्किंसन रोग से पीड़ित थे। उन्हें मंगलवार सुबह यहां वुडलैंड्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

वेस पेस का अंतिम संस्कार सोमवार या मंगलवार को किया जाएगा, क्योंकि परिवार उनकी बेटियों के आने का इंतजार करेगा, जो दोनों विदेश में बस गई हैं। वेस पेस का विवाह जेनिफर से हुआ था। वह भारतीय बास्केटबॉल खिलाड़ी थीं और राष्ट्रीय टीम की कप्तान भी रह चुकी थीं। बहुमुखी प्रतिभा के धनी वेस पेस विभिन्न भूमिकाओं में लंबे समय तक भारतीय खेलों से जुड़े रहे। वह भारतीय हॉकी टीम में मिडफील्डर थे। उन्होंने फुटबॉल, क्रिकेट और रग्बी जैसे कई खेल भी खेले और 1996 से 2002 तक भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष भी रहे।

अप्रैल 1945 में गोवा में जन्मे पेस खेल और शिक्षा दोनों में असाधारण थे और हॉकी में सफल होने के बाद वे खेल चिकित्सा के चिकित्सक बन गए। उन्होंने एशियाई क्रिकेट परिषद, भारतीय क्रिकेट बोर्ड और भारतीय डेविस कप टीम सहित कई खेल निकायों के साथ सलाहकार के रूप में काम किया। वेस पेस उस भारतीय हॉकी टीम के भी सदस्य थे जिसने 1971 में बार्सिलोना में विश्व कप में कांस्य पदक जीता था, लेकिन उसके एक साल बाद मिला ओलंपिक पदक उनके करियर का सबसे महत्वपूर्ण पल था।

ओलंपिक खेल 1972 को फिलिस्तीन के एक उग्रवादी समूह द्वारा 11 इजरायली खिलाड़ियों की हत्या के लिए भी दुखद रूप से याद किया जाता है, जिसके कारण इस खेल को चार दिनों के लिए बंद करना पड़ा था। हॉकी करियर को अलविदा कहने के बाद वेस पेस एक दशक तक भारतीय डेविस कप टीम के टीम डॉक्टर और लिएंडर पेस के मैनेजर भी रहे। लिएंडर पेस ने अपने पिता के कहने पर ही टेनिस में कदम रखा था।

लिएंडर ने भारतीय खेलों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और 18 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर देश के इतिहास में सबसे सफल टेनिस खिलाड़ी बने। लिएंडर के 18 ग्रैंड स्लैम खिताब में आठ पुरुष युगल और 10 मिश्रित युगल खिताब शामिल हैं। लिएंडर ने 1996 के अटलांटा ओलंपिक में पुरुष एकल का कांस्य पदक भी जीता। इस प्रकार उन्होंने हर चार साल में होने वाले इन खेलों में पदक जीतने की पारिवारिक परंपरा को जीवित रखा।

लिएंडर अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले पहले एशियाई पुरुष टेनिस खिलाड़ी भी हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व डिफेंडर दिलीप टिर्की ने कहा कि पेस सीनियर के निधन से देश में खेल का एक युग समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा, 'हॉकी इंडिया के लिए यह एक दुखद दिन है। डॉ. पेस के निधन से हॉकी के एक युग का अंत हो गया है। म्यूनिख में जीता गया ओलंपिक पदक उनके



धैर्य और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।'

टिर्की ने कहा, 'मुझे उनसे कई बार मिलने का सौभाग्य मिला और मैं हमेशा खेलों के प्रति उनके जुनून से प्रेरित रहा। वे देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रबल समर्थक थे। हॉकी इंडिया की तरफ से हम उनकी पत्नी जेनिफर, बेटे लिएंडर और उनके पूरे परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। हम इस दुःखद घड़ी में उनके साथ हैं।'

वेस पेस 70 और 80 के दशक में कोलकाता की फुटबॉल दिग्गज मोहन बागान और मोहम्मडन स्पोर्टिंग की हॉकी टीमों के लिए भी खेले। उन्होंने ईस्ट बंगाल के तत्कालीन कोच सुभाष भौमिक के आग्रह पर ईस्ट बंगाल फुटबॉल टीम और बाईचुंग भूटिया जैसे खिलाड़ियों के साथ भी काम किया।

